प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

"न तो यह शरीर तुम्हारा है और न ही तुम इस शरीर के मालिक हो, यह शरीर 5 तत्वों से बना है, आग, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश, एक दिन यह शरीर इन्हीं 5 तत्वों में विलीन हो जाएगा!!

श्रीमद् भगवद् गीता


www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 261 | दैनिक | रांची | सोमवार 6 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## पंजाब में चलती रेलगाड़ी से अलग हुआ इंजन

- 3 किमी दूर पहुंचा, अर्चना एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में एक बार फिर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। लुधियाना के खन्ना में पटरी पर दौड़ रही अर्चना एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग हो गया और करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ता रहा। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाया और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। इसके



बाद ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया और इंजन को बोगियों से जोड़ा। इस दौरान बड़ा हादसा टला। गनीमत रही कि जिस ट्रैक पर बोगियां खड़ी थी, उस पर उस समय कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई, वर्ना हजारों यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। ट्रेन में दो से ढाई हजार यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू जा रही थी। सरहिंद जंक्शन पर गाड़ी का इंजन बदला गया। इसके बाद खन्ना में इंजन खुल गया और करीब तीन किलोमीटर तक अकेला ही दौड़ता रहा। यह हादसा आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हुआ। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचा कर ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया।

## संजय राउत ने पहले मेरे पीछे जासूस लगाए अब धमका रहे

- मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग केस में बोलीं स्वप्ना पाटकर

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के पात्रा चॉल घोटाले में मुख्य गवाह स्वप्ना पाटकर ने शिवसेना नेता संजय राउत पर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधान



परिषद की उपाध्यक्ष को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि वे उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। पाटकर ने यह भी बताया कि पहले राउत ने उनके पीछे जासूस लगाए अब उन्हें परेशान कर रहे हैं। 1034 करोड़ के इस घोटाले की जांच ईडी कर रही है। स्वप्ना पाटकर मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्य गवाह हैं।

## गुजरात में वोटिंग से पहले बीजेपी को मिली बड़ी राहत

- क्षत्रिय आंदोलन के बीच स्वामीनारायण ने दिया समर्थन


**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में क्षत्रिय समाज के आंदोलन और बॉयकॉट के ऐलानों के बीच बड़ी राहत मिली है। राज्य में पाटीदार समुदाय की तरह प्रभावशाली स्वामी नारायण संप्रदाय ने बीजेपी को समर्थन दिया है। अहमदाबाद में स्थिति संप्रदाय के पहले स्वामीनारायण मंदिर कालूपुर की तरफ से एक बयान जारी करके सामाजिक-राजनीतिक मतभेदों या मनभेदों को दूर रखकर पीएम नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का ऐलान किया गया है। इसमें कहा गया है कि सात मई को बीजेपी के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करें। स्वामीनारायण संप्रदाय का गुजरात में व्यापक प्रभाव है। संप्रदाय के पहले मंदिर की तरफ से ऐसे वक्त पर यह समर्थन दिया गया है जब राज्य में क्षत्रियों की नाराजगी ने पार्टी की चिंता बढ़ाई हुई है।

# नासा ने दिखाई सौरमंडल के ग्रहों की शानदार तस्वीरें

### हर कोई हो रहा हैरान, असली-नकली में खा जाएंगे धोखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर हमारे सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की है। शनि, मंगल और पृथ्वी के अलावा पेरिडिया ग्रह की भी तस्वीरें हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में बताया कि पेरिडिया ग्रह हमारे सौर मंडल के ग्रह शनि की तरह काफी हद तक दिखता है। दोनों ग्रह में काफी समानताएं हैं। हालांकि नासा की सोशल मीडिया पोस्ट पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कई लोग नासा की इन तस्वीरों को असली मानने से इनकार कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि नासा ये तस्वीरें फोटोशॉप लगती हैं। नासा ने अपनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में पेरिडिया, शनि, मंगल और पृथ्वी की शानदार तस्वीरें डाली हैं। नासा द्वारा पोस्ट की गई ये तस्वीरें बेहद शानदार और भव्य नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, नासा ने लिखा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा है- मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

हालांकि नासा द्वारा पोस्ट की नई तस्वीरों ने इंटरनेट यूजर्स को हैरान कर दिया है। लोगों की कई प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। एक ने कमेंट किया है, हमारी पृथ्वी सबसे सुंदर है। एक अन्य ने लिखा, शनि पर जीवन बेहतर दिख रहा है। एक यूजर ने लिखा, शनि। तुम सुन्दर दिख रहे हो। एक यूजर ने कहा, शनि की अब तक दिखी तस्वीरों में इस बार यह ग्रह सबसे सुंदर दिख रहा है।



# सुनसान हुए रास्ते, 'लू' ने किया घरों में कैद

### 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, एमपी-यूपी में तापमान 42 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 7 राज्यों में रविवार को हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,

- तेलंगाना, ओडिशा व कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा

कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में दो दिन बाद लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। देश में



कई शहरों में बीते कुछ दिनों से हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। इस बार हीटवेव के दिन भी अधिक हैं। एक रिसर्च में दावा किया गया है कि लगातार हीटवेव बनी रहने से जान का खतरा बढ़ जाता है। स्वीडन के इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन, नई दिल्ली के सेंटर फॉर क्रॉनिक डिसीज कंट्रोल, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिसर्च के मुताबिक, हीटवेव लगातार 2 दिन से अधिक समय तक बनी रहती है, तो मौतों में 14.7 फीसदी तक का इजाफा होता है। इस रिसर्च के लिए देश के 10 शहरों में 2008 से 2019 के बीच सभी कारणों से होने वाली मौतों और सैटेलाइट से औसत तापमान का डेटा लिया गया। इससे पता चला है कि सालाना हुई करीब 1,116 मौतों का संबंध हीटवेव से था। घर के बाहर काम करने के घंटे घटने से 2030 तक भारत को 20 लाख करोड़ या जीडीपी का 4.5 फीसदी का नुकसान हो सकता है।

# सध गया 'जाति' संतुलन यूपी में फायदे में भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्र में सरकार बनाने के लिए लिए हर दल के लिए सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश ही है। यहां लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं। इसलिए सभी दल यूपी के समीकरण को दुरुस्त करके ही मैदान में उतरना चाहती है। यही वजह है कि एक-दूसरे की अक्सर खिलाफत करने वाली कांग्रेस और सपा ने अंतिम मौके पर गठबंधन किया। बीजेपी की बात करें तो लोकसभा चुनावों में बड़ा लक्ष्य लेकर चल रही है। भाजपा पार्टी ने देश के सबसे बड़े

- अलग-अलग लड़ रही सपा-बसपा ने और आसान की राह

राज्य उत्तर प्रदेश में अभी तक की सबसे बड़ी जीत की तैयारी कर रखी है। पार्टी ने उम्मीदवार तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को साधा है और मजबूत गठबंधन भी तैयार किया है। राज्य की 80 सीटों में भाजपा खुद 75 सीटों पर पांच सीटों पर सहयोगी रालोद (तीन) व अपना दल (दो) सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए 34 सीटों पर ही सामान्य वर्ग के उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि ओबीसी समुदाय से 25 व अनुसूचित जाति से 16 उम्मीदवार है। इनमें भी जातीय समीकरणों को ध्यान में रखा गया है। पार्टी ने राजपूत व ब्राह्मण वर्ग से बराबर बराबर 13-13 उम्मीदवार उतारे हैं। ओबीसी में भी सबसे ज्यादा छह कुर्मी, चार लोध, तीन जाट व तीन निषाद व अन्य समुदाय शामिल किए गए हैं। दलित वर्ग में सबसे ज्यादा छह पासी, तीन खटीक वर्ग से उम्मीदवार उतारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा की रणनीति राज्य के सभी प्रमुख समुदायों को साधने की है। इसके अलावा




जो समुदाय पूरी तरह से उसके खिलाफ ही जाने हैं उनको पार्टी ने दूर रखा है। यहां से एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया गया है। अल्पसंख्यकों में एक सिख व एक पारसी समुदाय से है। भाजपा ने राज्य में अपने गठबंधन को भी मजबूत किया है। उसके साथ रालोद, अपना दल, सुभासपा व निषाद पार्टी हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस व सपा का इंडिया गठबंधन है। बसपा अलग चुनाव लड़ रही है। सूत्रों के अनुसार इस बार कई सीटों पर बसपा हार जीत में बड़ा फैक्टर हो सकती है।

# घाटी में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला

### एक जवान शहीद, पांच घायल, सेना ने डाला घेरा

**पुंछ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया और पांच घायल है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है, उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारी आतंकवादियों ने सरकारी स्कूल के पास एमईएस और आईएएफ वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों को



जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र में गोलीबारी हुई है, जहां चुनाव आयोग द्वारा मतदान पुनर्निर्धारित किया गया है। अब 25 मई को मतदान होगा।

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ जवान ने की सुसाइड

### ड्यूटी के दौरान पेड़ से लटक कर दे दी अपनी जान, जांच शुरू

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक जवान ने रविवार को सुसाइड कर ली। जैसलमेर से 140 किलोमीटर दूर भारत-पाक सीमा पर स्थित बबलियान वाला पोस्ट के परिसर में एक पेड़ से फंदा लगाकर जवान ने जान दे दी है। सूचना पर बीएसएफ के अधिकारी और तनोट थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। दरअसल भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात बीएसएफ जवान मुकंदा डेका (57) ने रविवार को सोसाइड कर ली। मृतक जवान मुकंदा डेका दोरांग, आसाम का निवासी था। और बीएसएफ में बबलियान पोस्ट पर कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। मुकंदा के आत्महत्या करने की जानकारी मिलने पर अन्य जवानों ने एयरफोर्स के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके का जायजा लेने के बाद बीएसएफ अधिकारियों ने तनोट पुलिस थाना को इसकी सूचना दी। इस पर तनोट पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि बबलियानवाला सीमा चौकी स्थित परिसर में एक पेड़ से फंदा लगाकर रविवार को सुबह जवान ने खुदकुशी की है। कुछ जवान जब सुबह परिसर में निकले तो पेड़ से लटकते कांस्टेबल को देखा तो उनके होश उड़ गए। हालांकि अभी तक खुदकुशी के कारणों को लेकर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने कुछ भी जानकारी नहीं दी है। जांच के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल तनोट थाना पुलिस मौके पर है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।



## सेक्स स्कैंडल पीड़ितों को आर्थिक मदद देगी सिद्धा सरकार

- कांग्रेस बोली-पीएम बताएं प्रज्वल रेवन्ना का सच क्यों छिपाया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस ने रविवार को ऐलान किया कि वह हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल की पीड़ित महिलाओं का आर्थिक मदद देगी। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार की मौजूदगी में यह घोषणा की। सुरजेवाला ने बेलगावी में मीडिया से चर्चा के दौरान पीएम मोदी और अमित शाह से 10 सवाल भी पूछे। जिसमें उन्होंने ये आरोप लगाया कि पीएम प्रज्वल का सच जानते थे, फिर भी उन्होंने सच छिपाया।



### जल संकट!

## सबसे ज्यादा बारिश वाले मेघालय से रूठ गए 'मेघ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय राज्य मेघालय के लू की चपेट में आने के कारण राज्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। यह हाल तब है जब दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा इसी राज्य में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल

- भीषण जलसंकट के दौर से गुजर रहा राज्य, हर ओर पानी की किल्लत

की अंधाधुंध कटाई और बारिश के पानी के संरक्षण की नीति सही ढंग से लागू नहीं होने के कारण ही राज्य को इस संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल असर ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। मेघालय बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं। राज्य के कई




इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। खासकर राजधानी शिलांग और दूसरे सबसे बड़े शहर तूरा में ज्यादातर झरनों और झीलों के सूख जाने के कारण पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई थी। पूर्वोत्तर में जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की पहल भूजल में भारी कमी राज्य के पीएचई मंत्री मारक्यूस एन. मराक ने बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा था कि भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है और झरनों और झीलों जैसे प्राकृतिक संसाधन सूख रहे हैं। अकेले तूरा में पानी का स्तर 20 फीसदी कम हो गया है। उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा, यह समस्या ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है। ऐसे में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। अगर एक महीने के भीतर बारिश नहीं हुई तो परिस्थिति बेहद गंभीर हो जाएगी।

## पाकिस्तान की औकात नहीं कि हमारे चुनाव में दखल दे सके

- बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस से संबंधों पर राहुल को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के संबंधों का आरोप लगाते हुए खूब भड़के हैं। उनसे जब पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के बयान को लेकर पूछा गया कि क्या पाकिस्तान भारत के चुनाव को प्रभावित कर रहा है। इसके जवाब में राजनाथ ने तल्ख अंदाज में कहा कि पाकिस्तान की इतनी औकात नहीं है कि वह भारत के चुनाव में दखल दे सके। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आग से खेलने का भी आरोप लगाया।



## भाजपा का शिकारीपाड़ा और सरसडंगाल बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

प्रतिनिधि,दुमका। दुमका लोकसभा क्षेत्र के शिकारीपाड़ा विधानसभा अंतगर्त शिकारीपाड़ा और सरसडंगाल मंडल के शक्ति केन्द्र और बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में रविवार को भाजपा



प्रत्याशी सीता सोरेन ने भाग लिया.इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सोरेन का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया । बूथ स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं और पुरूषों को श्री मति सोरेन ने कहा कि आपके विधायक 40 साल से हैं और सिर्फ अपना विकास करने में लगे हैं जनता के विकास से कोई मतलब नहीं है। इस बार नलिन सोरेन को वोट का चोट देकर हराने का? काम करें। 10 मई2024 को नामांकन में शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में उपस्थिति दर्ज करें सम्मेलन के उपरांत भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन शिकारीपाड़ा विधानसभा का? दौरा कर रहीं हैं। मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि मौके पर लोकसभा प्रभारी राज पालिवार,सह संयोजक निवास मंडल,जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद , पूर्व जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन , जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन, जिला महामंत्री विवेकानंद , जिला उपाध्यक्ष बबलू , संयोजक रामनारायण भगत मंडल अध्यक्ष सुभासिस चटर्जी , मंडल अध्यक्ष नरेद्र प्रसाद के साथ साथ सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में शामिल होने की तैयारी को लेकर वार्ड 29 में बैठक आयोजित



वरीय संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव के लिए रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय छह मई को नामांकन दाखिल करेगी। इस मौके पर काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने बताया कि नामांकन की तैयारी को लेकर शनिवार को वार्ड 29 में बैठक हुई। बैठक में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर मोनू शर्मा, सौरभ,शाहबाज, अज्जू खान, संदीप ठाकुर, अंकित लाल, इम्तियाज अंसारी, संदीप घोष सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वराज पार्टी के निपु सिंह ने किया नामांकन

वरीय संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार और रांची जिले के जाने-माने समाजसेवी निपु सिंह ने



शनिवार को दोपहर एक बजे अपना नामांकन दाखिल किया? । श्री सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम युवा, महिला और सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं के अनुरोध पर चुनाव मैदान में उतरा हूं। उन्होंने कहा कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा सहारा इंडिया के निवेशकों को पैसा वापस दिलाने के लिए आंदोलन करता रहूंगा । श्री सिंह ने कहा कि नशा मुक्त झारखंड, भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड और प्राइवेट अस्पताल और प्राइवेट स्कूल के मनमानी को लेकर आंदोलन करते आ रहा हूं। यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुझे युवा, महिला और सहारा इंडिया के निवेशकों का समर्थन मिल रहा है।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्रह्मण संघ की बैठक संपन्न


**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** इचाक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा के साथ प्रदेश और जिला के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी विप्रगण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किये। सभी ने बारी-बारी से भगवान



परशुराम को पुष्प अर्पित किया।उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत मदन तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं, जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं , मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है। मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं, यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले इस बैठक में प्रदेश सचिव महेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मदन पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष अजय पांडेय, सत्यनारायण शर्मा, श्रीनिवास पांडेय , धनेश्वर तिवारी, राजेंद्र पांडेय, सीताराम पांडेय, सीताराम मिश्रा, देवशरण पांडेय, मनोज पांडेय, बिरेंद्र पांडेय, जगरनाथ पांडेय सहित प्रदेश, जिला और प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों ब्रह्मण उपस्थित रहे।

## बाबा नगरी बासुकीनाथ धाम में शिव भक्तों के लिए हो रहा है छाया शेड का निर्माण

**प्रतिनिधि,बासुकीनाथ।** प्रसिद्ध शिव नगरी बासुकीनाथ मंदिर प्रांगण में आगंतुक श्रद्धालुओं और स्थानीय पंडा पुरोहितों एवम पूजन सामग्री विक्रेताओं को प्रचंड गर्मी और धूप के तपिश से बचाने के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर परिसर में द्रुत गति से छाया शेड का निर्माण



किया जा रहा है । इसके लिए दर्जनों मजदूरों को लगाया गया है । पंडा धर्मरक्षिणि सभा बासुकीनाथ मंदिर के प्रयास और स्थानीय नागरिकों के शिकायत पर पहल करते हुए बासुकीनाथ मंदिर प्रबंधन द्वारा अपने आला अधिकारियों के निर्देश के अनुसार यात्रियों एवम श्रद्धालुओं को मंदिर प्रांगण में बरस रहे प्रचंड धूप के तपिश से बचाने के लिए सम्पूर्ण मंदिर प्रांगण में छाया शेड का निर्माण कराया जा रहा है । मंदिर परिसर में छाया शेड का निर्माण होने से आगंतुक श्रद्धालुओं एवम स्थानीय पंडा पुरोहितों एवम मंदिर परिसर में प्रवेश करने वालों को मंदिर परिसर में बिछाए गए तपते टाइल्स पर चलने में उनके जलते पांव को राहत मिलेगी।

# उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में हेमंत सोरेन द्वारा लगाए गए राजनीतिक विद्वेष के आरोप को खारिज किया : प्रतुल शाहदेव

### उच्च न्यायालय ने जमीन घोटाले में सदर थाना में हुए एफआईआर के साथ छेड़छाड़ करने पर भी कड़ी टिप्पणी की

विशेष संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के आदेश में राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला ।प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि मुख्यमंत्री के द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुव्वकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उच्च न्यायालय ने अपनी तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटा है प्रथम दृष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। उच्च न्यायालय ने



अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपए की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया ।उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किए गए पैसे रखने की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना। प्रतुल ने कहा इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंतत राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी.स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है। प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआईआर हुआ था,उसमें षड्यंत्र की धारा को जोड़ा गया था ।लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट के मिटाने की घटना को भी उच्च न्यायालय ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है।झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी।प्रतुल ने कहा कि जिस पार्टी ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढ़े चार वर्षो तक राजनीति की। उनके ही कार्यकाल में हिंदू फल दुकान लिखने पर जेल,सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया,एक आईएएस अफसर खुद को मुस्लिम अधिकारी बताते रहे, विधानसभा में बिना मांग के नमाज स्थल बना दिया, लव जिहाद की घटनाएं बढ़ी। अब वह भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगा रही है।प्रतुल ने कहा वैसे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के बाद अपना राजनीतिक रूप से अस्तित्व खोने जा रही है।इसलिए ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाकर नया नॉरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है। झारखंड की जनता नहीं बोल सकती कि इन्होंने अब तक वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का नंगा नाच कर रखा है।

# कोडरमा लोकसभा में इस बार धनबल की बजाय जनबल की जीत होगी: विनोद सिंह

**प्रतिनिधि, बरकट्ठा।** भाकपा माले बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम रविवार को बरकट्ठा बाजार रोड स्थित बुढ़िया माता मंदिर के पास इंडिया गठबंधन कार्यालय में संपन्न हुआ । कोडरमा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महागठबंधन के प्रत्यासी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 10 साल का हिसाब देने के बजाय एक बार फिर झूठ की गारंटी देश की जनता को दी जा रही है झारखंड के जंगल जमीन और खनिज को बड़े कारपोरेट घरानों को सौंपी जा रही है देश के रेल तेल सेल हवाई अड्डा बंदरगाहों को भी अपने दो मित्रों अंबानी और अदानी को दे दी गई है देश की संपति को निजी हाथों में बेचना देशभक्ति नही बल्कि देश के साथ गद्दारी है युवाओं को रोजगार की गारंटी के बजाय पलायन और मौत की गारंटी मिल रही है हर दूसरे दिन झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत इस बात के ताज उदाहरण है बड़े अमीरों को चार्टेड प्लेन और वंदे भारत ट्रेन की



गारंटी तो है लेकिन मजदूरों के लिए मुंबई दक्षिण भारत जाने के लिए कोई ट्रेन की गारंटी नहीं है इस बार कोडरमा लोकसभा के बरकट्ठा की जनता मोदी के अमृतकाल का अमृत बरकट्ठा की जनता को नसीब नहीं हुआ है और बुनियादी सुविधाएं से वंचित है बरकट्ठा सहित पूरे कोडरमा लोकसभा की विकास के लिए जनता चुनाव जिताकर संसद भवन भेजती है तो झारखंड के उत्कृष्ट विधायक की तरह उत्कृष्ट सांसद की तरह भूमिका अदा करेंगे पूर्व विधायक जेएमएम नेता जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार देश संविधान और लोकतंत्र की बचाने की लड़ाई है इस बार बेदाग छवि और ईमानदार नेता को जीता कर ही इंडिया को बचाने की मुहिम है हम सभी का चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा जी घर घर तक पहुंचाएंगे राजद नेता राजकुमार यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय और जन अधिकारों के लिए ये जंग जितना जरूरी है मोदी सरकार को बहुमत मिला तो देश संविधान से नही बल्कि तानाशाही मजबूत होगी कांग्रेस दिगंबर मेहता ने कहा कि इस बार देश में इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है तानाशाही हारेगी जनता की जीत होगी भाकपा माले के केंद्रीय सदस्य श्रीराम चौधरी ने कहा कि इस बार समाज के है तबका न्याय और इंसाफ पसंद लोग इंडिया गठबंधन के साथ है इसलिए इस बार चुनाव चिन्ह तीन तारा है कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ट नेता मणिलाल चौधरी ने किया तथा संचालन जेएमएम के चलकुसा प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने किया आने वाले दिनों में कार्यक्रमों की भी तैयारी पर भी चर्चा हुई जिसमे सीपीआई नेता महादेव राम दिगंबर मेहता,मनोहर राम,श्यामदेव यादव,इब्राहिम अंसारी,प्रकाश कुमार,सबिता सिंह,कलीम खान, कुदूस अंसारी,निजाम अंसारी,अर्जुन राणा,संजय साव, बीरेंद्र पाण्डेय बीरेंद्र यादव,चिंता देवी,श्री राम चौधरी, रमेश यादव,दशरथ यादव,रंजीत यादव,किसून,मोदी,मनोहर राम समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

**साहू रेस्टोरेंट एंड होटल का उद्घाटन**

## स्वच्छता,शुद्धता और पौष्टिकता हमारी प्राथमिकता: आदित्य कुमार गोप



**रांची।** राजधानी के पंडरा स्थित रवि स्टील के समक्ष (भारत पेट्रोल पंप के सामने) साहू रेस्टोरेंट एंड होटल का उद्घाटन रविवार को जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत और आजसू के हटिया विधानसभा क्षेत्र प्रभारी भरत काशी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्रीमती भगत ने अपने संबोधन में कहा कि निजी प्रतिष्ठानों से स्थानीय युवक-युवतियों के लिए रोजगार के द्वार खुलते हैं। उन्होंने साहु रेस्टोरेंट एंड होटल में बने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों को सराहा। वहीं, भरत काशी ने कहा कि साहू रेस्टोरेंट एंड होटल के खुल जाने से आसपास के लोगों को खाने-पीने की सहूलियत होगी। रेस्टोरेंट में हर प्रकार के व्यंजन सुलभ होंगे। इस संबंध में साहू रेस्टोरेंट एंड होटल के व्यवस्थापक आदित्य कुमार गोप व दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि यहां खाने-पीने के सामानों के लिए स्वच्छता,शुद्धता और पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखा गया है। शादी-विवाह, बर्थ-डे पार्टी व अन्य समारोहों पर कैटरिंग की व्यवस्था भी उपलब्ध है। यहां झारखंडी व्यंजन सहित दक्षिण भारतीय व्यंजन, चाइनीज फूड, सॉफ्ट ड्रिंक, शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन के अलावा मोमो, पास्ता, चाऊमीन, पिज्जा, बर्गर, स्नैक्स, थाली आदि व्यंजन उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता और मात्रा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर ईश्वरी यादव, ब्रह्मदेव यादव ,बीरबल यादव, जितेंद्र वर्मा, जेपी यादव, बबलू यादव, हीरो यादव,कपिल गोप, पिंटू उरांव, सूरज साहू,शेख आरजू, राजाराम गोप सहित काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

# झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी : दीपक प्रकाश

पुसू प्रतिनिधि

हजारीबाग।झारखंड के भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को हजारीबाग स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा की जीत रही है।भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल हजारीबाग से जीतकर संसद जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इन दिनों बिहार, झारखंड का दौरा कर रहा हूं। जिनमें कुल 54 सीट हैं। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी की लहर नहीं बल्कि तूफान चल रहा है। सभी 54 सीट हम जीत कर दिखाएंगे। कहा कि यदि झारखंड की बात करें तो 14 सीटों पर भाजपा जीतेगी। जिसमें से 13 सीट हमारे कब्जे में है और इस बार सिंहभूम की भी सीट को हम अपने कब्जे में कर लेंगे। उन्होंने मोदी सरकार के द्वारा लाए गए योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि इन योजनाओं से हरेक वर्ग को लाभ हुआ है??। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक से भी



लोगों को अवगत कराया। बताया कि यदि प्रधानमंत्री मोदी जी को हम फिर से केंद्र सरकार में लाते हैं तो हमारा विकास के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष का विकास होगा। भारत एक नई ऊंचाइयों को छूएगा। पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान होगी। उन्होंने भाजपा को मतदान करने की अपील की।

## मतदाता जागरूकता को लेकर एनसीसी कैडेटों ने लिया संकल्प

**प्रतिनिधि,दुमका।** लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर अपने बेशकीमती मतों का प्रयोग करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका के एनसीसी कैडेटों ने रविवार को मुख्य अतिथि सह प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार एवं एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा के नेतृत्व में संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित सभी कैडेटों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संकल्प लेते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर अपने बेशकीमती मत का प्रयोग करने के लिए हम अपने परिवार के मतदाता सदस्यों के अलावे आसपड़ोस के सभी मतदाताओं को जागरूक कर मतदान में भाग लेने के लिए निवेदन करेंगे।जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे उपस्थित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका के प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार ने दुमकावासियो से मतदान के लिए पुरजोर अपील करते हुए कहा कि अपने देश एवं अपने नॉनिहालो के स्वर्णिम भविष्य के लिए सभी मतदाता 01 जून को लोकतंत्र के महापर्व मतदान के दिन सब काम छोड़कर पोलिंग बूथ पर जाकर अपने बेशकीमती मत का प्रयोग अवश्य करें।श्री बब्बन ने कहा कि मतदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है,अतः सभी मतदाता मतदान के दिन अपने बेशकीमती मत का प्रयोग अवश्य करें।हमारा एक एक मत




बेशकीमती है। सभी मतदाता इस लोकतंत्र के सुंदर फूल हैं,अतः सभी मतदाता मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग कर अपने लोकतंत्र रूपी बगिया को सजाने का कार्य करे,ताकि हमारा लोकतंत्र सदा मीठी खुशबू बिखेरते रहे एवं हमारा देश एवं यहां के नागरिक विकास पथ पर सदा प्रगतिमान रहें।दुमकावासियो को मतदान के लिए अपील करते हुए एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी,डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि मतदाताओं का एक एक मत बेशकीमती है अतः सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।डॉ0 दिलीप ने उपस्थित एनसीसी कैडेटों को मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सभी कैडेट्स अपने दायित्वों को पूरा करते हुए अपने परिवार एवं आसपड़ोस के सभी मतदाताओं के साथ साथ सभी नए मतदाताओं को मतदान के लिए अवश्य जागरूक करें। डॉ0 दिलीप ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए कहा कि सभी मतदाता 01 जून को मतदान के दिन पहले मतदान करें फिर कोई कार्य करें। डॉ0 दिलीप ने कहा कि मतदान के प्रति सभी मतदताओं में अटूट निष्ठा होनी चाहिए। मतदान लोकतंत्र का एक महापर्व है जिसमें सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। संकल्प सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटस विष्णु कुमार,शुभम कुमार,श्रीधर झा, सत्यकान्त यादव,आरिफ अंसारी,उमेश कुमार यादव,प्रतीक प्रियांशु एवं अर्जुन महतो के अलावे कई एनसीसी कैडेटस मैजूद थे।

## विश्व के मजदूरों को नई व्यवस्था देने वाले पहले व्यक्ति थे मार्क्स :सीटू

पुसू प्रतिनिधि



हजारीबाग।हज़ारीबाग़ स्थानीय सीपीएम कार्यालय में कार्ल हेनरिख मार्क्स के 207 वां जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ साथी लक्ष्मी नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर मार्क्स के तस्वीर के समक्ष सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर गोष्टी को आरंभ किया गया। इस अवसर पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि मार्क्स दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, राजनीतिक सिद्धांत, मार्क्सवादी शिक्षक, पत्रकार और राजनीतिक अर्थव्यवस्था के कटु आलोचक थे। मार्क्स ने 1848 में दुनिया के मजदूरों के लिए कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो और 1867 में दास कैपिटल जैसे ग्रंथ को लिखा। इसमें पूंजी एवं पुंजीवाद का विश्लेषण तथा मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्त करने के उपाय बताएं। इस पुस्तक के द्वारा एक सर्वथा नवीन विचारधारा प्रभावित हुई जिसने संपूर्ण प्राचीन मान्यताओं को झकझोर कर रख दिया। आज 150 वर्ष गुजर जाने के बाद भी दास कैपिटल पूरे विश्व में भारी संख्या में पढ़ी जा रही है। शोषण मुक्त समाज की स्थापना और मजदूरों का बेहतरी के लिए जो कार्य मार्क्स ने किया वह आज तक दुनिया के किसी भी दार्शनिक या लेखक ने नहीं किया है। मार्क्स ने पूंजीवादी व्यवस्था के विपरीत एक समाजवादी व्यवस्था कायम करने का सूत्र बताए। जिसमें शोषण नाम का कोई चीज नहीं है । जो आगे चलकर लेनिन के नेतृत्व में बोल्शेविक क्रांति के बाद विश्व में पहली बार रूस में समाजवादी सरकार की स्थापना की गई.। उसके बाद विश्व के कई देशों में मार्क्सवाद के आधार पर कई क्रांतियां हुई और समाजवादी सरकार का स्थापना हुआ। भारत के अंदर पूंजीवाद का बोलबाला है। ऐसे समय में भारत के लिए मार्क्स का दास कैपिटल बहुत ही प्रासंगिक हो जाता है। इस गोष्ठी में ईश्वर महतो, सुरेश कुमार दास, तपेश्वर राम, गुलाब साव, बालेश्वर रविदास, सुबोध पासवान, किरण देवी अंजू देवी, सुमित्रा देवी, विमल देवी सहित पार्टी के कई अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव के तहत् अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि
गढ़वा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने रविवार को गढ़वा जिले के अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान



उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया गया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मौके पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल, प्रमेश कुमार कुशवाहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवन्त कुमार भट्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि
गढ़वा। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रांग रूम समेत अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## चुनावी रणनीती बनाने को लेकर बैठक



प्रतिनिधि, लातेहार। मनिका प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लैंपस के समीप प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का चुनावी रणनीती बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामसेवक उराव, कांग्रेस जिला महासचिव विश्वनाथ पासवान, भाकपा माले नेता अजय यादव, हरिलाल यादव, प्रमोद सिंह, मोहन ठाकुर, सुखदेव सिंह, अंजू यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय मझौली के अवकाश प्राप्त शिक्षक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि
मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू जिला अंतर्गत पाटन प्रखंड के मझौली ग्राम



स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक हरिनारायण सिंह का गत दिवस निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में अशोक की लहर व्याप्त हो गई। मनिका क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक रामचंद्र सिंह ने इनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इनका अंतिम संस्कार दुर्गावती नदी स्थित श्मशान में किया गया। इनके बड़े पुत्र अनूप कुमार सिंह ने मुखाग्नि दी। दो दिन पहले इनको पक्षाघात केशिकायत के बाद इलाज हेतु इनको राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल डालटनगंज लेजाया गया था। जहा इलाज के दौरान इनका निधन हो गया। इनके शव यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। श्री सिंह 35 साल तक शिक्षक के रूप में सेवा की तथा 2015 में अवकाश ग्रहण किए थे। तब से अपने पैतृक गांव में रहकर अवकाश प्राप्ति के बाद भी शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया। उनके निधन पर समाजसेवी कामता प्रसाद सिंह, शिक्षक पशुपतिनाथ सिंह, तुला सिंह, बबन सिंह, पारस नाथ मेहता, उदय तिवारी, पूर्व मुखिया अखिलेश कुमार सिंह, बशिष्ठ नारायण पानडेय, इनदल मेहता आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## प्रतापपुर के अंचल अधिकारी पर ग्रामीणों द्वारा किया गया हमला बाल बाल बचे अंचल अधिकारी

- प्रतापपुर थाना पुलिस बल के द्वारा अंचल अधिकारी को सुरक्षित निकल गया



पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो
चतरा। जिले के प्रतापपुर प्रखंड के अंचल अधिकारी नित्यानंद दास पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। सूचना है कि अंचल अधिकारी के अंगरक्षक पर भी हमला किया गया। यह घटना प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा पंचायत के दोमुहान गांव में घटी। प्राप्त खबरों के अनुसार अंचल अधिकारी एक भूदान संबंधी भूमि विवाद के मामले को निपटने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे हुए थे। घटनास्थल पर प्राप्त सूचना के अनुसार भूमि विवाद के मामले में रामकिशुन भारती को पेड़ से बांधकर पिटा जा रहा था। अंचल अधिकारी जब घटना स्थल पर जाकर समझने का प्रयास किया तो उग्र ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया एवं उनके वाहन पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतापपुर थाना की पुलिस सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद अंचल अधिकारी नित्यानंद दास को वहां से सुरक्षित निकाला और उन्हें रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। अंचल अधिकारी के बयान के आधार पर पुलिस द्वारा कानूनी प्रक्रिया की जाने की बात सामने आ रही है।

# नुकड़-नाटक समेत अन्य लोकप्रिय माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**
गढ़वा। जिले में मतदान प्रतिशत दर बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्री बंशीधर नगर स्थित प्रखंड कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सभी मुखिया एवं वार्ड सदस्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचने में सभी जन प्रतिनिधियों को सहयोग करने को कहा गया, जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 13 मई 2024 को मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से उक्त मतदान की तिथि को सुबह 7:00 से संध्या 5:00 के बीच मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील किया। साथ ही उपस्थित सभी



मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में सहयोग करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार 80त्न के पार मतदान का नारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिया गया है, जिसके तहत हम मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान कराना सुनिश्चित करें और गढ़वा जिला में एक अलग कीर्तिमान स्थापित करें। वहीं बैठक में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान के लिए किए गए तैयारी की भी जानकारी सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं आवश्यकता अनुसार वाहनों की व्यवस्था भी की जाएगी एवं मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मी एवं मतदाताओं के लिए चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी, जिससे तेज धूप एवं गर्मी के बीच मतदान करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जा सके। मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, शेड, रैंप, बैठने की व्यवस्था, महिला एवं पुरुषों का अलग-अलग कतार बनाने समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई ताकि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को समस्या न हो। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए गए एवं अपनी बातों को रखा गया तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपेक्षित सहयोग करने की बात कही गई। मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि चौपाल, गीत-नाट्य, नुकड़-नाटक, गीत-संगीत, रैली, रंगोली आदि अन्य लोकप्रिय माध्यमों से मतदाताओं को जोड़ते हुए उन्हें अपने वोट के अधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। बैठक में कहा गया कि आप सभी के वार्ड में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जरूर सहभागिता दर्ज कराएं, जिससे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और प्रभावी ढंग से क्षेत्र के मतदाताओं के बीच पहुंचे और उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन का आयोजन किया गया है। उक्त अभियान में गढ़वा जिले के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी, एफपीओ, एफपीओ, एनएसएस, एनसीसी, नेहरु युवा केन्द्र, कर्मचारी संघ समेत जिले के आम नागरिक अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने निर्वाचन कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर उक्त समय के बीच अवश्य अपलोड करें और इस मुहिम का हिस्सा बने। साथ हीं अभियान से पूर्व बूथ अवेयरनेस ग्रुप की भी बैठक करें। साथ हीं इससे पूर्व भी मतदाता जागरूकता को लेकर किए गए कार्यों का पोस्ट को शेड्यूल करे, जिससे उक्त समय अवधि में अधिक से अधिक पोस्ट #MainbhiElectionAmbassador हैश टैग के साथ किया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल, प्रमेश कुमार कुशवाहा, डीसीएलआर श्री बंशीधर नगर सिल्वन्त कुमार भट्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत सभी मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुल्क में अमन, शांति और तरक़्क़ी की दुआ करें जायरीन-ए-हज : मौलाना नसीमउद्दीन काशमी

### हज 2024: जायरीनों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह टीकाकरण शिविर का किया गया आयोजन

**प्रतिनिधि, लातेहार।** जायरीन-ए-हज मुल्क में अमन, शांति और तरक़्क़ी की दुआ करें। उक्त बातें झारखण्ड हज कमिटी के निर्देश पर हज 2024 में जाने वाले जायरीन-ए-हज के लिए बालूमाथ स्थित मदरसा खैरुल उलूम परिसर में आयोजित जिला स्तरीय हज प्रशिक्षण सह टीकाकारण शिविर को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड हज कमिटी के प्रशिक्षक मौलाना नसीमउद्दीन काशमी ने कही। उन्होंने कहा कि आप देश के आइना होते हैं। आपके कुशल व्यवहार से देश की छवि मज़बूत होती है। इस्लाम के पांच फराइज़ों में हज अहम फराइज़ है। इसकी अदाएगी में समय, सालाहियत के साथ साथ माल भी लगता है। इसलिए पूरी तैयारी के साथ हज कि यात्रा शुरू करें। झारखण्ड हज कमिटी के प्रशिक्षक मौलाना जियाउल्लाह मज़ाहिरी ने हज



के दौरान अदा किये जाने वाले अरकान के बारे में जायरीनों को विस्तार से बताया। उन्होंने नीयत, एहराम, वाजिबात, तवाफ-ए-हरम, उमरा, मिना, मुज्दलफ़ा, अराफात में हाज़िरी एवं कुर्बानी से सम्बंधित बारेकियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षकों ने हज के दौरान मना किये गए चीज़ों से रुकने तथा हुक्म किये गए अमलों को करने की बात जयरीनों को बताई गई। प्रशिक्षण शिविर के व्यवस्थापक सह लातेहार जिला हज कमेटी के हाजी मो उमर अली ने बताया की इस बार लातेहार जिला से तेरह जायरीन हज में शामिल हो रहे हैं। जिनमें नौ जयरीनों का कोलकाता तथा चार का मुंबई से उड़ान कन्फर्म हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि हज कमिटी ऑफ़ इंडिया ने इस बार जयरीनों के लिए देश के किसी भी पॉइंट से उड़ान का विकल्प दिया था। सुविधानुसार लोगों ने उड़ान पॉइंट का चयन किया है। बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक की देखरेख में सभी जयरीनों को ओरल पोलियो ड्रॉप, मेंजाइटिस एवं एनफ्लूएंजा रोधी टीकाकारण किया गया। हज प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी, मौलाना मज़हर, मौलाना शाहिद नवाज़, मो नईम, मौलाना जुबैर काशमी ने बेहतर भूमिका निभाई। सामूहिक दुआ के साथ शिविर का समापन हुआ।

## भाजपाइयों ने शेरेगड़ा में पथसभा कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रतिनिधि, लातेहार। बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड के शेरेगड़ा में पथसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजय यादव, अमित कुमार, कुलदीप यादव, विजय यादव ने मौजूद भाजपा समर्थकों को लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीत को लेकर संकल्प दिलाया। मंडल अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार भाजपा सांसद 400 पार रहेंगे। पंचायत और गांव में मोदी जी के द्वारा चलाए गए जल कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण पसंद करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का संकल्प एक-एक कर ले रहे हैं। इस मौके पर भाजपा महिला नेत्री लक्ष्मी देवी, गोपाल राम, पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, उदय गंझू, विपिन लाल, ईश्वर लाल, महेंद्र यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अबुआ आवास योजना का कमाल हो रहे बिचौलिए मालामाल



**प्रतिनिधि, साहिबगंज।** जिले के बरहरवा प्रखंड अन्तर्गत बड़ा सोनाकड़ पंचायत में अबुआ आवास योजना में लोगों से 5000 रुपए से 10000 हजार रूपए तक की वसूली की गई है। यह रकम गरीबों के लिए अच्छी खासी रकम मानी जाती है। बता दें कि एक तरफ अबुआ आवास योजना झारखण्ड सरकार द्वारा आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार के लोगों के लिए आवंटित करना तय माना गया था, मगर धरातल पर ये सारी बातें बेबुनियाद ही नज़र आ रही है। इस योजना के माध्यम से झारखण्ड के गरीब वर्ग के लोगों या जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है, उनको 2 लाख रुपए की लागत वाला 3 कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराना था। मगर दुर्भाग्य देखिए की बिचौलियों ने इसे धंधे का जरिया बनाने हेतु कार्य किया। पंचायत में बहुत से ऐसे गरीब निराश्रित लोग हैं, जिनको इस योजना का लाभ मिलना जरुरी था, लेकिन बिचौलिया द्वारा 5000 से 10000 हजार रूपए लेकर गरिबों का दिल तोड़ने का काम किया गया है। ज्ञातव्य है कि ये कोई इकलौता मामला नहीं है, जिले भर में ÷अबुआ आवास÷ योजना का लगभग यही हाल है और बिचौलिए मालामाल हैं।

## तीसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण लेकर आत्मविश्वास से भरे दिखे मतदानकर्मी

**हेरिटेज स्कूल में मतदान के साथ ही चुनाव में लगे कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि
मेदिनीनगर (पलामू)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन चालीस- चालीस के समूह में दो हजार अस्सी मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिए पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने गुणवत्ता युक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिए सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिए समुचित प्रबंधन



किया है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरभ कुमार व कनीय अभियंता विपिन कुमार पटेल के द्वारा कमरों में घूम-घूम कर शंकाओं का समाधान किया गया। तीसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ घूले-मिले तथा आत्मविश्वास से भरे दिखे। वहीं दूसरी ओर इसी परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदानकर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी कराया जा रहा है।

# कायस्थों का वोट पाने के लिए भाजपा ने उतारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को

**चौपारण मे भी कायस्थ दिखे दो गुट में, कई दिग्गज कायस्थ नही हुए कार्यक्रम में शामिल, बैठक में कायस्थों से ज्यादा दुसरे सामाज के लोग हुए शामिल**

**प्रतिनिधि, चौपारण।** प्रखंड चौपारण के सभी कायस्थों कि अतिआवश्यक बैठक जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश हुए शामिल कायस्थों ने फुल माला देकर किया स्वागत कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत भगवान चित्रगुप्त कि तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुआ। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी जातियों को लेकर चलती है इसलिए इसबार भी कायस्थ भाजपा को वोट देकर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। वहीं कुछ कायस्थों ने इस कार्यक्रम का जमकर विरोध भी किया और कहा कि सांसद जयंत सिन्हा का टिकट काटना और भाजपा झारखण्ड द्वारा एक भी कायस्थ को लोकसभा का टिकट नही देना ये दुर्भाग्यपूर्ण है, इसलिए हमलोग भाजपा का विरोध कर रहें हैं। वहीं कुछ कायस्थों ने पूर्व



प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश से भी सवाल किया कि पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा से गुस्सा होकर भाजपा ने जयंत सिन्हा को टिकट नही दिया जबकि बृजभूषण सिंह पर बलात्कार का केस चल रहा है फिर उनके बेटे को टिकट क्यूं ? और झारखण्ड धनबाद से विधायक ढुल्लु महतो को लोकसभा का टिकट जबकि उनपर 70 से ज्यादा केस चल रहा है फिर भी उनको टिकट क्यों जबकि हमारे सांसद जयंत सिन्हा पर एक भी केस नही, भ्रष्टाचार में नाम नही, हजारीबाग के विकास पुरुष का टिकट काटना हम कायस्थों का अपमान है इसलिए हमलोग भाजपा को वोट नही करने का निर्णय ले लिए हैं। बैठक मे उपस्थित जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, आदित्य चौरसिया, रिशु बर्नवाल, रामाधीन पाण्डेय, भरत सिंह, अर्जुन राणा, सुनील शेखर, वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू वहीं कायस्थों में जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मुकेश सिन्हा, संजय सिन्हा, अविनाश सिन्हा, दीपक सिन्हा एवं अरविन्द सिन्हा शामिल थे।

## गिरिडीह के प्रवासी मजदूर की मोजाम्बिक में मौत

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। लंबे समय से पलायन रोकने की बात के बावजूद अब तक यह समस्या विकराल रूप धारण किए खड़ी है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के बगोदर के मजदूर की अफ्रीका के दक्षिण-पूर्व में स्थित मोजाम्बिक में मौत होने की खबर सामने आई है।बताया जाता है



कि उसकी मौत गत शनिवार को हो गयी। यह सूचना मिलते ही मृतक के घर में मातम छा गया।मिली जानकारी के अनुसार जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाडीह निवासी स्व ठाकुरदायल महतो के 47 वर्षीय पुत्र प्रेमचंद महतो की शनिवार को मोजाम्बिक में मौत हो गयी। मौत की वजह की अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।मृतक केईसी इंटरनेशनल कंपनी में काम करता था।मृतक अपने पीछे माता टेकनी देवी देवी, पत्नी भगिया देवी, पुत्र नरेश कुमार ( 24 )और टेकलाल कुमार( 20 ) को छोड़ गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।इस घटना पर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की। उन्?होंने कहा कि झारखंड के लोगों की लगातार विदेशों एवम महानगरों में मौतें हो रही हैं। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।अली ने कहा कि रोजी-रोटी की तलाश में परदेश गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।उन्होंने बताया कि प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से है।ऐसे में सरकार को रोजगार की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि मजदूरों का पलायन रोका जा सके।

## गांडेय के निर्दलीय प्रत्याशी अधिवक्ता अवधेश सिंह को हुई जेल



**प्रतिनिधि,गिरिडीह।** गिरिडीह में गांडेय विधान सभा उप चुनाव लड़ रहे किसान जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी अधिवक्ता अवधेश सिंह को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने अहले सुबह उन्हें गिरिडीह स्थित झंडा मैदान के समीप उनके आवास से गिरफ्तार किया। बताते हैं कि पिछले वर्ष एक आंदोलन के कर्म में बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 122/22 अवधेश सिंह समेत अन्य पर केस दर्ज किया गया था। इस मामले में पिछले दिनों न्यायालय ने उनके खिलाफ वारंट निर्गत किया था। इसके बाद रविवार अहले सुबह को एसडीपीओ बिनोद रवानी के नेतृत्व में गिरिडीह नगर, मुफ्फसिल और पचंबा थाना की पुलिस ने उनके आवास पर दबिश दी और मौके पर से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मौके पर एसडीपीओ बिनोद रवानी, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, बेंगाबाद अंचल निरीक्षक ममता कुमारी समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## लोहरा समाज ने की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में शामिल होने की अपील



वरीय संवाददाता

रांची। लोहरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की ने सभी आदिवासी भाइयों का आह्वान किया है कि छह मई को इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय के नामांकन में ज्यादा से ज्यादा आदिवासी बहनें भाइयों को शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के हाथों को मजबूत करने का अनुरोध किया। वहीं ,लोहरा समाज के केंद्रीय प्रभारी संजय लोहरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरना गमछा और पगड़ी पहनने से आदिवासी का मन नहीं जीत सकते हैं। इस बार आदिवासी समुदाय इंडिया गठबंधन को ही वोट देगी और जीताएगी।

# गिरिडीह विस में कई महिला पुरुषों ने की भाजपा की सदस्यता ग्रहण

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिरसिया पंचायत के शीतलपुर में रविवार को दर्जनों की संख्या में वहां के स्थानीय महिला ,पुरुष एवं युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांतों को अपनाते हुए एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के आवासीय कार्यालय में एक कार्यक्रम के तहत सभी नए सदस्यों का नेतागण,पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी का अभिनंदन किया गया। मौके पर पूर्व विधायक श्री शाहाबादी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व उनके विकसित भारत के संकल्प और विकास कार्यों से अभिभूत होकर एवम भारतीय जनता पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को अपनाते हुए वहां के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी जी के नेतृत्व मे भारतीय



जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने में विशेष रूप से महिलाएं सबसे आगे रही। साथ ही कहा कि पंचायत से और नए साथी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे । आज जिनलोगों ने सदस्यता ग्रहण किया सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में और चुनाव के समय मे नए साथियों के आने ए हमारा एनडीए गठबंधन निश्चित रूप से मजबूत होगा ।कहा कि हम सभी का सतत प्रयास है कि चुनाव के इस समय में हम भाजपा की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जायेंगे और गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में जनसमर्थन को अपील करेंगे। गिरिडीह मे एनडीए को मजबूती देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को सभी मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान यहां जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र सिन्हा,उपाध्यक्ष संजय सिंह,मनोज सिंह,गोपाल विश्वकर्मा,सुरेश सिन्हा, एससी मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश दास,मनोज जोशी,इनोद साव,चौधरी दास सहित कई लोग उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुख्य से चौधरी दास,राजू दास,कौशल्या मोसेमात,गीता देवी,सुमित्रा देवी,रूपनारायण दास, बुलाकी दास, बासदेव दास, विजय दास ,टुनटुन दास,चिंता देवी, गीता देवी, विजया देवी ,बिछुआ देवी , सुमा देवी, गुजरी देवी ,सरिता देवी, मीरा देवी, सावित्री देवी ,मीरा देवी ,शांति देवी, कुंती देवी निशा देवी ,गुड़िया देवी, देवकी देवी समेत अन्य लोग रहे ।आज की सदस्यता कार्यक्रम का नेतृत्व सुरेश सिन्हा ने किया।

# बिजनेस मैनेजमेंट में डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए लाल स्टील्स के मार्केटिंग निदेशक

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। डॉ अनुराग लाल को बिजनेस मैनेजमेंट में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह डिग्री उन्हें विभिन्न उद्योगों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी, मैरीलैंड, यूएसए द्वारा प्रदान की गई है। फार्मा,एफएमसीजी, आईटी,इलेक्ट्रिक टू व्हीलर, स्टील (इंडक्शन फर्नेस और टीएमटी रिबर्स) कई भौगोलिक क्षेत्रों में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया,मध्य पूर्व और भारत,डॉ अनुराग लाल ने इन उद्योगों में विभिन्न विषयों जैसे बिक्री और विपणन प्रबंधन, अनुबंध और वाणिज्यिक प्रबंधन, संचालन प्रबंधन और बोली प्रबंधन में काम किया है। उनके पास इन क्षेत्रों में 9+ वर्षों का अनुभव है। डॉ अनुराग लाल अब बिक्री एवं विपणन निदेशक के रूप में लाल स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड का नेतृत्व कर रहे हैं। लाल स्टील्स 1986 से देश को सेवा प्रदान कर रहा है और स्टील बिलेट्स और टीएमटी रिबर्स का उत्पादन करता है। कंपनी स्टील टीएमटी रिबर्स के दो अलग-अलग ब्रांड बनाती है। लाल स्टील्स 600 एक्सआर और गोबर्धन 600 एनएक्सटी। कंपनी द्वारा आईएसआई मानकों के अनुसार



कच्चे माल और तैयार माल का हमेशा विभिन्न भौतिक और रासायनिक परीक्षण मशीनों पर परीक्षण किया जाता है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए तैयार माल के नमूने भी समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं। सर्वोच्च विश्व स्तरीय गुणवत्ता मानक को बनाए रखना इतना आसान कभी नहीं रहा, लेकिन लाल स्टील्स 1986 से हमेशा ऐसा ही कर रहा है। लाल स्टील्स हमेशा मार्जिन से अधिक गुणवत्ता पर जोर देता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनी की टैगलाइन 'रिश्ता मजबूरी का' और श्री नरेंद्र मोदी जी की टैगलाइन है। 'मेक इन इंडिया' की चमक पूरी तरह से; ग्राहकों को केवल विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराना।

## कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला : शाहनवाज नैयर अंसारी



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल मोमिन कॉन्फ्रेंस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज नैयर अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी जी को शायद यह पता नहीं है कि मुसलमान में अंसारी, इराकी, कुरेशी, डफाली, धुनिया, धोबी, मुकेरी, दर्जी, गद्दी आदि भी ओबीसी श्रेणी में आते हैं इसलिए इन्हें आरक्षण का लाभ मिलता है। श्री अंसारी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी का बयान सामाजिक वैमनस्यता फैलाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह पता होना चाहिए कि देश की आजादी में अंग्रेजों के तलवे चाटने वाले चाटुकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे थे। आजादी की लड़ाई में हिंदुओं के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर मुसलमानों ने भी हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के शहीद शेख भिखारी एवं बिरसा मुंडा की धरती पर मोदी जी को कदम रखकर झूठ व बरगलाने वाली बात नहीं करनी चाहिए थी।उन्होंने कहा कि 10 वर्षों के मोदी सरकार के शासनकाल में देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई। जनता की गाढ़ी कमाई को जीएसटी के माध्यम से लूटकर अडानी और अंबानी को लाखों करोड़ों के कर्ज माफ कर दिए गए। अब मोदी सरकार को यह डर सता रहा है कि इस बार चुनाव में जनता उनसे हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की खनिज संपदा पर मिलने वाली रॉयल्टी पर केंद्र सरकार कुंडली मारकर बैठी है। झारखंड की गरीब जनता रोजगार के लिए झारखंड से पलायन कर रही है। विस्थापन की समस्या बनी हुई है। इन सब चीजों से जनता का ध्यान हटाकर सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए मोदी सरकार द्वारा तिकड़म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ केंद्र सरकार हमेशा सौतेला व्यवहार करती रही है। इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

## इटखोरी में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के नेतृत्व में रन फॉर वोट में दौड़ा आम व खास

### अबकी बार 80 पार का लगा नारा, मतदाताओं को किया गया जागरूक




पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

इटखोरी ( चतरा )। लोकसभा चुनाव को ले स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए में रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। प्रखण्ड अंचल के कर्मी स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी आजीविका संकुल संगठन के कर्मी समेत आम जन ब । सभी ने लोकतंत्र के इस महापर्व को ले एक साथ दौड़ लगाई। रन फॉर वोट प्रखण्ड कार्यालय परिसर से शुरू होकर इटखोरी झंडा चौक होते हुए राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय होते प्रेम बुक सेंटर के समीप समाप्त हुआ।इस मौके पर बीडीओ सह सीओ सोमनाथ बाकीरा के नेतृत्व में डॉ सुमित जयसवाल आजीविका के पिन्टू यादव प्रखण्ड अंचल के कर्मी स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी आजीविका संकुल संगठन के कर्मी समेत आम जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आदिवासी महिलाओं की बेटी बनने के प्रयास में कल्पना

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। गांडेय के चुनावी रण से राजनीति में पहली बार अपना किस्मत आजमा रही इंडिया गठबधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन अब पॉलिटिक्स के क्रिकेट के पिच पर पूरे फॉर्म में नजर आ रही है। शनिवार को पहले जहां उत्सव उपवन में कल्पना सोरेन ने गांडेय के 15 पंचायत के 68 गांव के आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।उनसे सीधा संवाद कायम किया। इस दौरान उत्सव उपवन में कल्पना ने प्रतिनिधियो से उनकी परेशानियों को सुनकर समझा, और कहा कि बहुत अच्छे हालात नहीं है आदिवासी समुदाय के। उनके जीवन स्तर को सुधारना जरुरी है। उत्सव उपवन में आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद कल्पना सोरेन इसके बाद गांडेय और बेंगाबाद के महुआर दुर्गा मंडल पहुंची। जहां



स्थानीय लोगों से मिली और उनसे रुबरु हुई। इसके बाद कल्पना सोरेन ने करीब दर्जन भर गांवो का भ्रमण की और ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम किया। कई स्थानों पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन का स्वागत भी गर्मजोशी के साथ किया गया। लेकिन आदिवासी महिलाओं में कल्पना सोरेन को लेकर एक उत्साह का माहौल रहा। आदिवासी महिलाओं ने पांरपरिक तरीके के साथ उनका स्वागत भी की। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद डा सरफराज अहमद समेत झामुमो के कई नेता मौजूद थे।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में शामिल होने की अपील

## कांग्रेस प्रत्याशी की ऐतिहासिक होगी जीत: गौरीशंकर यादव



वरीय संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जनता दल (खटाल प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में कार्यकर्ताओं को काफी संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि छह मई को सुबह साढ़े सात बजे बिरसा चौक पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हों। तत्पश्चात वहां से जुलूस की शक्ल में समाहरणालय के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के कार्यकर्ताओं से उन्होंने इस क्षण को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

# संभल लोकसभा के लिए मुरादाबाद के नौ थाना क्षेत्रों में होगा मतदान, 425 केंद्र और 783 बूथ बनाए गए

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराने के बाद पुलिस व प्रशासनिक अफसर अब संभल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कराने में जुट गए हैं। इस लोकसभा के लिए भी मुरादाबाद जनपद के नौ थाना क्षेत्र में मतदान होगा। 425 मतदान केंद्र और 783 बूथ को 8 जोन और 129 सेक्टर में बांटा गया है।

मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात किए गए हैं। संभल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस लोकसभा में मुरादाबाद जनपद की दो विधानसभा बिलारी और कुंदरकी शामिल हैं। मतदान शांति पूर्ण व निष्पक्ष हो। इसके लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही गांवों और कस्बों में फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। लोगों को एहसास दिलाया कि वह भयमुक्त होकर मतदान करने जाएं। किसी के दबाव व प्रभाव में न आएं। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। संभल लोकसभा के लिए मुरादाबाद जनपद के नौ थाना क्षेत्र में 425 मतदान केंद्र और 783 बूथ बनाए गए हैं। जिन्हें आठ जोन 129 सेक्टर में बांटा गया है। सएसपी हेमराज मीना ने बताया कि जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपी, एएसपी और सीओ, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्ट्र, सिपाही, होमगार्ड, पीएसी जवान और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। गड़बड़ी व बवाल करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## सपा जिलाध्यक्ष की कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

**बरेली , एजेंसी।** बदायूं के सहसवान मार्ग पर कौल्हाई के नजदीक सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव की कार की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता राकेश कुमार (52) की मौत हो गई। हादसा शनिवार को उस वक्त हुआ, जब कार सवार नाधा से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा से लौट रहे थे। उसमें कौन-कौन बैठे थे और कौन चला रहा था, पुलिस इसकी जांच कर रही है। अधिवक्ता राकेश गांव दहेमी के रहने वाले थे। वह शनिवार सुबह बाइक से सहसवान गए थे। शाम को घर लौटते समय वह मुजरिया क्षेत्र में कौल्हाई के पेट्रोल पंप के नजदीक दाहिनी ओर मुड़ रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। हादसा सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड फुटेज के मुताबिक एक साथ दो गाड़ियां आ रही थीं। आगे चल रही गाड़ी ने सड़क पर राकेश कुमार को टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर दूर गिरे। जिस गाड़ी से टक्कर हुई, उससे तो कोई नहीं उतरा, मगर दूसरी कार से एक व्यक्ति उतरा, मगर उसने भी पल भर बाद ही अपनी गाड़ी दौड़ा दी। बाद में राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद कार की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई थी। उस पर लिखे नंबर यूपी 24 वाई 0008 से पता चला कि वह कार सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव के नाम पर रजिस्टर्ड है। तहरीर में यही नंबर लिखकर अधिवक्ता के भाई उमेश ने रिपोर्ट लिखाई है। सहसवान के सीओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार तो सपा नेता की ही है। विवेचना में चालक का नाम सामने आएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से वैष्णो देवी जाने वाले यात्री परेशान

**अमेठी , एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी में परिवार सहित देवी माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। अमेठी होकर गुजरने वाली अर्चना एक्सप्रेस व समर स्पेशल में वेटिंग का आंकड़ा 150 से पार हो गया है। ऐसे में या तो यात्रा स्थगित कराने या तत्काल कोटे का टिकट बुक करवाने की कोशिश में लोग जुटे हैं।

लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रेल ट्रैक पर जम्मूतवी के लिए सिर्फ राजेंद्रनगर-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस का संचालन अमेठी होकर होता है। गर्मी की छुट्टी में माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं व जम्मू कश्मीर के अन्य यात्रियों को परेशानी हो रही है। यात्रियों की इस समस्या को दूर करने के लिए उत्तर रेलवे ने वाराणसी से माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए समर स्पेशल ट्रेन संचालित की। लेकिन दोनों ट्रेनों में मई माह में एक दिन भी कन्फर्म टिकट नहीं है।

शनिवार को स्टेशन पर मिले सैठा निवासी समर सिंह ने बताया कि परिवार समेत दर्शन को जाने के लिए टिकट बुक करवाने आए थे। तत्काल कोटे से भी टिकट बुक नहीं हो पाया। दूसरे दिन तत्काल कोटे का टिकट बुक करवाने की कोशिश करेंगे।

कमोवेश यही हाल रामकिशोर प्रजापति, श्यामबहादुर सिंह, रामजी समेत अन्य यात्रियों का है। स्टेशन अधीक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि नियमित टिकटों की बुकिंग हो रही है। पहले से लोगों के टिकट बुक करने से वेटिंग चल रही है।

### गांवों में सरकारी हैंडपंप सही हैं या खराब, देना होगा हिसाब

**अमेठी , एजेंसी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हैंडपंप के रखरखाव का पूरा हिसाब ग्राम पंचायत में रखना होगा। इसके लिए नल का विवरण दर्ज करने के लिए ग्राम पंचायत के पास एक अलग रजिस्टर होगा। गांवों में हैंडपंप सही हैं या उसमें कोई तकनीकी दिक्कत है, इसकी पूरी जानकारी देनी होगी। पंचायत सहायक के माध्यम से नल की स्थापना से लेकर उसके वर्तमान रखरखाव तक की सूचना भी दर्ज करनी होगी। पंचायतीराज विभाग के अनुसार जिले में कुल इंडिया मार्क टू हैंडपंप की संख्या 56,010 है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता पूर्ति के लिए लगाए गए नल गर्मी के दिनों में बड़ी आबादी के लिए वरदान बने हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों को काम में लगाया है।

कहा गया है कि सचिव के माध्यम से अलग से रजिस्टर पंचायत सहायक को देना होगा। ग्राम पंचायत के सभी नल व उसका ब्यौरा लिखा जाए। नल के खराब होने, रिपेयरिंग करने के साथ उसमें प्रयोग किए गए नए सामान व पुराने कबाड़ का हिसाब देना होगा। डीपीआरओ ने बताया कि गांव में विजिट के दौरान रजिस्टर की जांच की जाएगी। साथ ही पुराने कबाड़ को एकत्र कर उसे एक साथ बिक्री की जाएगी। जिससे ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हो सके। संवा

### लूट नहीं, मारपीट हुई थी, चार पर केस दर्ज

**अमेठी , एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र के नसीराबाद रोड पर मवई मोड़ के पास शुक्रवार को बाइक सवार दो युवकों से एक लाख 90 हजार की हुई लूट से क्षेत्र मे सनसनी मच गई। पीड़ितों ने जायस कोतवाली जाकर बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो लूट की कहानी फर्जी मिली। पुलिस चार पर केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई में जुटी है। नसीराबाद के मोहल्ला कायस्ताना निवासी गुफरान का आरोप है कि शुक्रवार वह अपने साले सरवर व दो अन्य साथी के साथ कस्बा जायस के वहाबगंज स्थित एचडीएफसी बैंक से दोपहर एक लाख 90 हजार रुपये लेकर अपने घर नसीराबाद जा रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश जायस थाना क्षेत्र के सलोन मार्ग के मवई मोड़ के पास उसकी बाइक रोककर हॉकी डंडे से पिटाई कर रुपये लिए। पुलिस की जांच लूट नहीं, बल्कि सिर्फ मारपीट की पुष्टि हुई। एसएचओ रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के मध्य पहले नसीराबाद कस्बे में मारपीट हुई थी। नसीराबाद थाना क्षेत्र के टेंगना निवासी लाल बाबू अपने तीन अन्य साथी के साथ जायस थाना क्षेत्र के मवई मोड़ पर दोबारा गुफरान व उसके साथी के साथ मारपीट की। लूट का आरोप फर्जी है।

# प्रियंका गांधी: रायबरेली के साथ अमेठी को भी जिताने की है जिम्मेदारी

## खुद आकर करेंगी प्रचार, तय हुई डेट

**अमेठी, एजेंसी।** राहुल गांधी ने रायबरेली तो केएल शर्मा ने अमेठी से नामांकन भर दिया है। शुक्रवार को प्रियंका गांधी अमेठी के रोड शो में मौजूद रहीं फिर बाद वह भाई राहुल के नामांकन के समय रायबरेली भी आईं। संदेश साफ हो गया कि भले ही गांधी परिवार अमेठी से प्रत्यक्ष तौर पर लड़ाई न लड़ रहा हो लेकिन गांधी परिवार के लिए प्रतिष्ठा की सीट रायबरेली के साथ अमेठी की भी बन गई है। अमेठी में केएल शर्मा की हार सीधे तौर पर गांधी परिवार के प्रभाव की हार है।

अमेठी हो या रायबरेली, दोनों सीटों पर अब तस्वीर साफ हो गई है। सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस के राजनीतिक कदम को लेकर है। दरअसल, राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली चले गए, जबकि अमेठी में गांधी परिवार के करीबी व सोनिया के चाणक्य माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा मैदान में है। यह बात अलग है कि अमेठी के रण में अब सीधे तौर पर गांधी परिवार का कोई सदस्य नहीं है लेकिन, अपरोक्ष रूप से यहां पर कांग्रेस की पूरी सियासी गणित प्रियंका गांधी वाड्रा के हाथ में ही है। रायबरेली में भाई राहुल गांधी के चुनावी प्रचार की कमान संभालने के साथ ही वह अमेठी में किशोरी लाल शर्मा के लिए चुनावी फिजां तैयार करेंगी। इस बात का संकेत खुद प्रियंका ने छह तारीख को रायबरेली में आकर चुनाव तक रहने का संकेत देकर जाहिर कर दिया है।

### दोनों सीटों से है रिश्ता

अमेठी हो या रायबरेली, दोनों गांधी परिवार की परंपरागत सीटें मानी जाती है। गांधी परिवार से एक लंबा रिश्ता रहा है। कांग्रेस ने रायबरेली में सोनिया गांधी के बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी को सियासी रण में उतारा है लेकिन, अमेठी से गांधी परिवार ने अपने को दूर कर लिया है। यह बात अलग है कि गांधी परिवार के करीबी व सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा मैदान में है लेकिन, परोक्ष रूप से गांधी परिवार के सदस्य के न होने को लेकर कांग्रेसी समीकरण बैठाने



में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता अनुज तिवारी कहते हैं कि किशोरी लाल शर्मा को गांधी परिवार से ही जोड़कर देखा जाना चाहिए। 40 सालों से वह गांधी परिवार के साथ है। हर दुख में साथ रहे, हर सुख के साक्षी रहे। रही बात, चुनावी प्रबंधन की तो हर तरह से रणनीति तैयार रहा है।

### पुराने कांग्रेसियों को किया जा रहा एकजुट

प्रियंका गांधी की टीम वर्ष 2004, 2009, 2014 व 2019 में कांग्रेस के साथ रहे नेताओं से संपर्क करने में लगी हुई है। उस वक्त जिन्होंने कांग्रेस के लिए काम किया था, रणनीति बनाई थी, गांव-गांव गए थे, वे इस समय कहां है। टीम पुराने कांग्रेसियों को एक्टिव करने में लगी हुई है। लोकसभा के मीडिया समन्वयक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी कहते हैं कि बीते चुनावों में हम कहां मजबूत थे, कहां पर कमजोर, इन सभी का अध्ययन किया जा रहा है। बूथवार रिपोर्ट बनाई जा रही है।

### किशोरी इस बार खुद के लिए तैयार कर रहे रणनीति

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ काम करने के साथ ही 1991 व 1996 में कैप्टन सतीश शर्मा, 1999 में सोनिया गांधी, 2004 से 2019 तक राहुल गांधी के चुनाव की रणनीति तैयार करने वाले किशोरी लाल शर्मा इस बार खुद अपने लिए चुनावी रणनीति तैयार करेंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर वह रणनीति का मंथन करने में लगे हुए हैं।

### 6 मई से सक्रिय हो जाएंगी प्रियंका

अमेठी में कांग्रेस की पूरी रणनीति रायबरेली में छह तारीख को पहुंच रही प्रियंका गांधी वाड्रा संभालेगी। इसके लिए रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में दोनों संसदीय सीटों के लिए अलग-अलग वॉर रूम बनाया गया है। यहां पर हर बूथ का विवरण अपडेट किया जा रहा है। गांव-गांव महिलाओं की टोली को एकजुट किया जा रहा है। युवाओं को अलग से फोकस किया जा रहा है। वाट्सएप ग्रुप से सक्रियता परखी जा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह कहते हैं कि पार्टी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। हरेक बूथ पर दस कार्यकर्ताओं की टीम को लगाया गया है।

# खड़ी कार में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, पिता-पुत्री की मौत, 10 घायल

**तालग्राम , एजेंसी।** एक्सप्रेसवे पर पीली लाइन पर खड़ी कार को शनिवार सुबह पीछे से आए अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कार से कुछ दूर घिसटने के बाद कार पलट गई। हादसे में कार सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। कार में सवार अन्य 10 सदस्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। कार सवार ग्वालियर से अयोध्या जा रहे थे। कर्नाटक के जिला धारवाड़ के थाना नवलगुंड लिंगराज सर्कल निवासी शोभाबाई(48) पत्नी अरविंद, परिवार के आरुष(9) पुत्र प्रकाश, अरविंद(64) पुत्र विठ्ठल शाह, सुजीत(12) पुत्र सुरेश, लक्ष्मी बागला(64) पत्नी रामचंद्र, सुमन अतनी(40) पत्नी तुलसीदास, शुभि(9) पुत्री तुलसीदास, नारायण(64) पुत्र विठ्ठल शाह, लक्ष्मी(56) पत्नी नारायण के साथ मध्य प्रदेश में धीरज महाराज के सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहीं, शोभाबाई के पिता महाराष्ट्र के बोरिवली ईस्ट मुंबई निवासी अरुण कोल्हापुरे (68) भी अपनी पत्नी हेमा (64) भी सत्संग सुनने पहुंचे थे। सभी लोगों ने ग्वालियर में एक कार किराये पर ली और अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का प्लान बनाया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना तालग्राम के गोवा विरियाहार गांव के पास ड्राइवर ने कुछ देर आराम करने के लिए कार को पीली पट्टी पर रोक दिया।


सुबह करीब 5:30 बजे पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। सूचना पर यूपीडा सहायक सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे।

घायलों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया, जहां पर अरुण कोल्हापुरे और उनकी बेटी शोभाबाई को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी।

थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**एक्सप्रेसवे के अवैध कट ले रहे जान: तालग्राम।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तिर्वा से सौरिख तक प्रत्येक गांव के सामने लोगों ने जाल काट कर अवैध कट बना लिए हैं। थाना तालग्राम क्षेत्र में गोवा, शकरहनी, विरियाहार, टिकुरियन, ढिपारा, भवनियापुर, मछैया, रनवा, बेहटा आदि गांव के पास अवैध कट हैं। इन अवैध कटों पर लोगों ने चाय पकौड़ी, समोसा की दुकानों और ढाबा खोल रखे हैं। चालक वाहनों को एक्सप्रेसवे पर घंटों खड़ा कर दुकानों से चाय, कोल्ड ड्रिंक लेकर आराम फरमाते हैं।

# शिवपाल यादव का चौंकाने वाला बयान, कहा- मेरा भतीजा 2019 में फिरोजाबाद सीट मेरी गलती से हारा



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि 2019 के चुनाव में मेरा भतीजा अक्षय यादव मेरी गलती के कारण हारा था। अबकी बार ऐसा नहीं होगा। मालूम हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद की सीट अक्षय यादव कुछ हजार वोटों से भाजपा से हार गए थे। तब यहां शिवपाल अपनी खुद की पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे और उन्हें 91 हजार वोट मिले थे। शिवपाल ने उस हार के लिए अब खुद को दोषी माना है। शिवपाल ने कहा कि सात मई को इतना वोट डालना की चार जून का परिणाम आए तो दिल्ली की सरकार हटेगी और दिल्ली के साथ-साथ यूपी की सरकार भी जाएगी।

शिवपाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लाल स्याही से लिख लेना भाजपा के शासन में जो उत्पीड़न हुआ है उसका पूरा हिसाब बराबर किया जाएगा। यह भी जान लें कि भाजपा किसी की नहीं है। यह पार्टी सिर्फ पूंजीपतियों की है। उनकी ही मदद करती है। इसके साथ यह भाई से भाई एवं परिवार से परिवार को लड़ाने का काम करती है।

केंद्र की 10 व प्रदेश के सात वर्ष की सरकार में सभी परेशान हैं। वहीं संभल में कहा कि दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। भाजपाई भागे फिर रहे हैं। दो लड़कों की जोड़ी की फिल्म हिट होने वाली है। चार जून को पता चल जाएगा कि किसकी जोड़ी हिट है और किसकी फ्लॉप।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि पहले और दूसरे चरण में लोगों ने भाजपा को नापसंद किया है। तीसरे चरण में लोग सफाया करने जा रहे हैं, क्योंकि इन्होंने हर वर्ग के साथ नकली बातें की हैं। दस साल का हिसाब-किताब देखेंगे तो हर बात झूठी निकलेगी। तीसरे चरण का चुनाव भाजपा को सात समंदर दूर फेंक देगा।

सपा अध्यक्ष ने शनिवार को बदायूं, मैनपुरी और फिरोजाबाद में जनसभा की। बदायूं में कहा कि यही लोग हैं जो कह रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। नौजवानों को रोजगार देंगे मगर न आय दोगुनी हुई और न ही रोजगार मिल सका। किसान, अपना हिसाब-किताब लगाता है तो लागत को देखकर चिंता करता है। इस महंगाई में सरकार, पैदावार का मूल्य नहीं दे पा रही है। जो लोग कहते थे कि आय दोगुनी कर देंगे, वही लोग तीन काले कानून लाए थे। उनकी साजिश थी किसानों की जमीन पर कब्जा कर लें और पैदावार भी छीन लें, मगर किसान दिल्ली में डट गए और सरकार को कानून वापस लेने पड़े, लेकिन अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

मैनपुरी में कहा कि समुद्र मंथन की तरह ही ये चुनाव संविधान मंथन का है। 7 मई को अपने वोट से भाजपा को सात समंदर पार भेज दो। उन्होंने कहा कि एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को बदलना चाहते हैं, संविधान के भक्षक हैं। एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। फिरोजाबाद में कहा कि किसानों की आय तो दोगुना नहीं हुई, बल्कि किसान की बोरी से खाद चोरी जरूर कर ली। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, जबकि उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्जा माफ कर दिया।

# दूर नहीं हुई खामियां, वोटर आईडी नंबर में गड़बड़ , तो कहीं एक परिवार के अलग-अलग बूथ पर वोट

**आगरा , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे चरण के मतदान में आई गिरावट के बाद भी मतदाता सूचियों और पर्चियों की खामियां दूर नहीं हो सकीं। कहीं वोटर आईडी कार्ड नंबर में गड़बड़ है। तो कहीं, एक ही परिवार के सदस्यों के वोट अलग-अलग बूथों पर हैं। बीएलओ की लापरवाही से हजारों मतदाता मतदान पर्चियों का इंतजार कर रहे हैं।

जिन्हें मतदाता पर्चियां नहीं मिली, वह पूछ रहे हैं कि डीएम साहब... ऐसे कैसे दौड़ेगी मतदान एक्सप्रेस। आगरा व फतेहपुर सीकरी सीट पर 48 घंटे बाद मतदान होगा। पर्चियां नहीं आने से परेशान मतदाताओं आयोग की वेबसाइट पर नाम खंगालने से लेकर बूथों के चक्कर काट रहे हैं। बूथों से बीएलओ नदारद हैं। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के गढ़ी भदौरिया की मतदाता सूचियों में सबसे ज्यादा गड़बड़ियां सामने आई हैं। आवास विकास कॉलोनी, कमला नगर, बोदला, शाहगंज और मंटोला क्षेत्र के मतदाताओं ने भी सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायतें दर्ज कराई हैं।

**आसान हो जाता है मतदान करना:** गुलाब नगर में रहने वाले अनिल शर्मा हर चुनाव में मतदान करते हैं। अनिल कहते हैं कि मतदान के लिए घर पर आने वाली मतदान की पर्चियों से काफी सहायता मिल जाती है। अभी



तक पर्ची का इंतजार कर रहे हैं।

**हफ्तेभर पहले आ जाती थीं पर्चियां:** रामबाग के रहने वाले मनीष शर्मा का कहना है कि घर पर आने वाली मतदान की पर्चियां हर चुनाव में एक हफ्ते पहले घर पहुंच जाती थीं। पहली बार ऐसा हुआ कि मतदान के 48 घंटे रह गए हैं। इसके बाद भी पर्चियां नहीं आई हैं।

**बूथ पर खोजना पड़ेगा नाम:** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए उत्साहित कमला नगर के रहने वाले हिमांशु बुद्धरानी का कहना है कि मतदान की तिथि पास आ गई है। मतदान की पर्ची नहीं आई। मतदान केंद्र पर जाकर पहले सूची में नाम खोजना पड़ेगा। नाम हुआ तभी वोट डाल सकूंगा।

**वोटर आईडी कार्ड नहीं तो ये विकल्प अपनाएं:** जिनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं लेकिन नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो वह मतदान कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक, डाकघर की पासबुक, श्रम विभाग का स्वास्थ्य बीमा कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन परिचयपत्र, केंद्र व राज्य या पब्लिक लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी परिचय पत्र, सांसद या विधायक से जारी पहचानपत्र, यूडीआई कार्ड दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

# बादलों ने डाला डेरा, आने वाले दिनों में हल्की बारिश के साथ तेज हवा और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में मौसम बदलने जा रहा है। पांच मई की रात से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाएं चल सकती हैं। यह हवाएं कहीं-कहीं आंधी का रूप भी ले सकती हैं। पांच मई से मौसम में बदलाव का अंदेशा जता रहे मौसम विभाग ने अगले सप्ताह आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। यह कई जिलों में कम या अधिक हो सकती है। हालांकि शनिवार से ही लखनऊ समेत कई इलाकों में बादलों की आवाजाही का सिलसिला शुरू हो गया है। इस दौरान तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



**प्रयागराज रहा सर्वाधिक गर्म:** आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रयागराज सर्वाधिक गर्म रहा। यहां पर पारा 40.4 से बढ़कर 42.7 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं वाराणसी में 41.8, फतेहपुर में 41.2, झांसी में 41.7, हमीपुर में 41.2, अलीगढ़ में 41 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में पारा सामान्य से अधिक बना हुआ है। लखनऊ का पारा भी 40 पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बदलेगा। बारिश के आसार सात मई के आसपास बन रहे हैं। सात मई को यूपी के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

**पारा चढ़ा, पर हवा-बादल से राहत भी मिली:** राजधानी में शनिवार को मौसम का मिला जुला रूप देखने को मिला। सुबह से तीखी धूप रही, नतीजन पारा चढ़ा। शुक्रवार को 38.3 डिग्री के मुकाबले तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दिखी। पारा 21.1 से चढ़कर 23.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। दोपहर बाद बादल डेरा डाले रहे, बीच-बीच में चलती हवा से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, पारा 42 डिग्री तक फिर जा सकता है। हालांकि 25 से 30 किमी तक की रफ्तार से हवाएं राहत देती रहेंगी।

# दुकान से सवा लाख रुपये के तीन पैंडल लेकर युवक फरार

**कन्नौज , एजेंसी।** सराफ की दुकान में एक युवक सोने के तीन पैंडल लेकर फरार हो गया, जिनकी कीमत सवा लाख रुपये बताई गई। आसपास के लोगों ने उसका पीछा किया, लेकिन खाली हाथ रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर बदमाश को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है।

गुरसहायगंज कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर जीटी रोड निवासी अभिषेक कौशल की घर में कृष्णा ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी के आभूषणों की दुकान है। अभिषेक ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब एक बजे मुंह पर मास्क लगाकर एक युवक दुकान में आया।

युवक ने सोने के पैंडल दिखाने को कहा। कुछ देर पैंडल देखने के बाद युवक ने चार पैंडल मुट्ठी में दवा लिए और भाग खड़ा हुआ। अचानक हुई इस घटना से दुकानदार घबरा गया और उसने शोर मचाया, जिस पर लोगों ने युवक का पीछा किया, लेकिन वह जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के अंदर घुसकर दीवार फांदकर भाग गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मौके पर दुकानदारों की भीड़ लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे, लेकिन इसके बाद भी युवक का कोई पता नहीं लग सका। अभिषेक ने बताया कि युवक चार पैंडल लेकर भागा था, जिसमें से एक गिर गया और तीन पैंडल लेकर फरार हो गया।

# हॉट सीट इलाहाबाद पर चुनौती के चक्रव्यूह में घिरी भाजपा, बसपा के पिछड़ा कार्ड ने उलझाया खेल

**प्रयागराज , एजेंसी।** देश को दो प्रधानमंत्री देने वाली बाद संसदीय सीट पर इस बार देश की सबसे बड़ी पंचायत का सरताज कौन बनेगा, इसे लेकर सियासी गलियारों में बहस छिड़ गई है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और यूपी के विधानसभा अध्यक्ष रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने मैदान में उतारा है। दूसरी ओर सियासत के महारथी रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण को लाकर कांग्रेस ने कड़ी चुनौती देने की कोशिश की है। इन सबके बीच बसपा के पिछड़ा कार्ड खेलने से इस सीट पर समीकरण उलझ गए हैं।



इस सीट पर अब तक की जीत का रिकॉर्ड देखें तो मुरली मनोहर जोशी तीन बार यहां से सांसद रहे। दो बार लाल बहादुर शास्त्री और दो बार रेवती रमण सिंह सांसद चुने गए। साल 1988 में हुए उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कांग्रेस के सुनील शास्त्री को हराया और बसपा संस्थापक कांशीराम को तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। कांशीराम ने तब पंजाब से आकर इलाहाबाद सीट से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। यहां से वह पहला चुनाव लड़े थे।

इस बार पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को उतार कर बसपा ने यहां दलित, पिछड़ा और मुस्लिम का नया समीकरण बनाने की कोशिश की है। पार्टी के नेता अभिषेक गौतम कहते हैं कि सपा और भाजपा ने सवर्ण उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसे देखते हुए बसपा का दलित और पिछड़ा का नया समीकरण भाजपा कांग्रेस की नींद उड़ाने वाला है।

इस सीट से पहले सांसद श्रीप्रकाश स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उनके बाद लाल बहादुर शास्त्री 1957 में यहां से सांसद चुने गए। 1973 में भारतीय क्रांति दल के जनेश्वर मिश्रा को जनता ने चुना। 1984 में अमिताभ बच्चन कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए। 1996, 1998 और 1999 में मुरली मनोहर जोशी ने फतह हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह यहां लगातार से चुने गए।

2014 में मोदी लहर आई तो यह सीट फिर भाजपा के खाते में चली गई। तब यहां से बीजेपी के श्यामा चरण गुप्ता को 3,13,772 वोट मिले थे। उन्होंने सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह को 62,009 मतों से हराया था। तब से इस सीट पर कमल ही खिलता रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने भाजपा के टिकट पर 4,94,454 मत पाकर जीत दर्ज की थीं। तब यहां से सपा-बसपा गठबंधन के राजेंद्र सिंह पटेल 310179 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के योगेश शुक्ला को यहां 31953 वोट मिले थे।

### इलाहाबाद संसदीय सीट ने दिए दो प्रधानमंत्री, कई राजनीतिक शख्सियतें भी

इलाहाबाद लोकसभा सीट ने देश को दो प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और वीपी सिंह दिए हैं। बड़ी राजनीतिक शख्सियतों में मुरली मनोहर जोशी, जनेश्वर जैसे दिग्गज यहां से चुनाव जीते। हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज को हराकर अमिताभ बच्चन भी यहां के सांसद रहे।

# मणिपुर में जातीय संघर्ष और बेलगाम उपद्रवी

**संपादकीय**

मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है।

गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।


# सूरज पर लगातार विस्फोट और एक आकाशगंगा

**(निरंकार सिंह, पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश )**

इस ब्रह्मांड में रहस्यमय घटनाएं होती रहती हैं, पर कभी-कभी कुछ ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जो वैज्ञानिकों को भी अचरज में डाल देती हैं। ताजा घटना ब्रह्मांड की एक आकाशगंगा में भयंकर विस्फोट की है। इस विस्फोट के बाद आकाशगंगा के केंद्र से 4,47,000 मील प्रति घंटे से भी अधिक गति से गैस बाहर की ओर निकलने लगी। इस गैस का द्रव्यमान इतना ज्यादा है कि इससे हमारे सूर्य जैसे पांच करोड़ सूर्य बन सकते हैं। दूसरी तरफ, हमारे सूर्य की सतह पर भी विस्फोट हो रहे हैं। वैज्ञानिक इनके कारणों की खोजबीन कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने ब्रह्मांड के विर्गो, यानी कन्या क्लस्टर में विशेष मामले में हमने ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, सल्फर और कई अन्य रासायनिक तत्वों का पता लगाया।' आकाशगंगाएं कितनी तेजी से और कितने समय तक तारे बनाती रह सकती हैं, इसे नियंत्रित करने के लिए गैस का बहिर्प्रवाह महत्वपूर्ण होता है। इन विस्फोटों से निकली गैस आकाशगंगा के भीतर तारों के बीच, यहां तक कि आकाशगंगाओं के बीच के स्थान को भी प्रदूषित कर देती है और अंतरिक्ष में हमेशा के लिए तैर सकती है।

उच्च-रिजॉल्यूशन मानचित्र का निर्माण एमएयूवीई सर्वेक्षण के डाटा के साथ किया गया था, जिसका सह-नेतृत्व आईसीआरएआर शोधकर्ता प्रोफेसर बारबरा कैटिनेला और लुका कॉर्टिस ने किया था। ये दोनों भी इस अध्ययन में शामिल थे। इस सर्वेक्षण में उत्तरी चिली



**अगर विस्फोट होता रहा, तो सैटेलाइट्स, धरती का तापमान व रेडिएशन का स्तर, दूरसंचार व हवाई उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। भारत का आदित्य एल-1 इस पर नजर बनाए हुए है। वह डाटा उपलब्ध करा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि भू-चुंबकीय सौर तूफानों के अंश पृथ्वी तक पहुंचकर क्या प्रभाव डालेंगे?**

आकाशगंगा एनजीसी 4383 का अध्ययन किया, जिससे पता चला कि गैस का प्रवाह इतना विराट है कि प्रकाश को एक से दूसरी तरफ जाने में 20,000 साल लगेंगे। यह खोज रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की मंथली नोटिस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोनॉमी रिसर्च (आईसीआरएआर) में यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया नोड के प्रमुख लेखक डॉ एडम वाट्स ने कहा है कि बहिर्प्रवाह आकाशगंगा के मध्य क्षेत्रों में शक्तिशाली तारकीय विस्फोटों का नतीजा था, जो बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन व भारी तत्वों को बाहर निकाल सकता था। उत्सर्जित गैस का द्रव्यमान पांच करोड़ सूर्य से अधिक के बराबर है। डॉ वाट्स ने कहा, 'बहिर्प्रवाह की भौतिकी और उनके गुणों के बारे में बहुत कम जानकारी है, क्योंकि बहिर्प्रवाह का पता लगाना बहुत कठिन है।' निकली गैस भारी तत्वों से भरपूर होती है, जो हमें बाहर निकलने वाली गैस में हाइड्रोजन और धातुओं के बीच मिश्रण की जटिल प्रक्रिया का एक अनूठा दृश्य प्रदान करती है। 'इस स्थित यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला के एक बड़े टेलीस्कोप का उपयोग किया गया। प्रोफेसर कैटिनेला ने कहा, 'हमने यह जांचने के लिए 'माउव' को डिजाइन किया कि गैस के बहिर्प्रवाह जैसी भौतिक प्रक्रियाएं आकाशगंगाओं में तारे के निर्माण को रोकने में कैसे मदद करती हैं। 'एनजीसी 4383 हमारा पहला लक्ष्य था, क्योंकि हमें संदेह था कि कुछ बहुत अनोखा हो रहा था, पर डाटा हमारी सभी अपेक्षाओं से अधिक था। दूसरी तरफ, सूरज की सतह पर हो रहा लगातार विस्फोट भी दुनिया भर के वैज्ञानिकों की चिंता का विषय बना हुआ है।

अगर विस्फोट होता रहा, तो सैटेलाइट्स, धरती का तापमान व रेडिएशन का स्तर, दूरसंचार व हवाई उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। भारत का आदित्य एल-1 इस पर नजर बनाए हुए है। वह डाटा उपलब्ध करा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि भू-चुंबकीय सौर तूफानों के अंश पृथ्वी तक पहुंचकर क्या प्रभाव डालेंगे?

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

**कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है।**


**(ललित गर्ग )**

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं।

कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं।

खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है।

भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व



स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है।

निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है।

खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

**दिन-रात नारेबाजी, गीत, नाटक और कक्षाओं का बहिष्कार। राजधानी वॉशिंगटन डीसी और 22 राज्यों के 50 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के छात्र फिलहाल छोटे-छोटे तंबू गाड़कर कैंपस में ही बैठ गए हैं। आंदोलन का मुद्दा एक ही है। विश्वविद्यालयों का प्रशासन फलस्तीनियों पर हमले में इजरायल का साथ दे रही कंपनियों से अपने रिश्ते तोड़ ले।**

# अमेरिकी कॉलेजों में क्यों हो रहे हैं इजरायल विरोधी प्रदर्शन

**(चंद्रभूषण)**

अमेरिका में अभी चल रहे छात्र आंदोलन की तुलना सन 1968 के विएतनाम युद्ध विरोधी आंदोलन से की जाने लगी है। दिन-रात नारेबाजी, गीत, नाटक और कक्षाओं का बहिष्कार। राजधानी वॉशिंगटन डीसी और 22 राज्यों के 50 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के छात्र फिलहाल छोटे-छोटे तंबू गाड़कर कैंपस में ही बैठ गए हैं। आंदोलन का मुद्दा एक ही है। विश्वविद्यालयों का प्रशासन फलस्तीनियों पर हमले में इजरायल का साथ दे रही कंपनियों से अपने रिश्ते तोड़ ले।

**हमास का हमला –** फलस्तीन के गाजापट्टी इलाके में चुनी हुई सरकार चलाने वाले कट्टरपंथी संगठन हमास ने पिछले साल अक्तूबर में इजरायल की सीमा में घुसकर नागरिकों पर हमला किया था। इसमें कुछ विदेशी पर्यटकों समेत 1200 इजरायली नागरिक मारे गए थे और ढाई सौ से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था।

**35 हजार मौतें –** जवाब में बंधकों को छुड़ाने और हमास को सबक सिखाने के नाम पर इजरायल ने गाजापट्टी पर हमला किया, जिसमें लगभग 35 हजार लोग अब तक मारे जा चुके हैं। इस इलाके के इन्फ्रास्ट्रक्चर की तो बात ही छोड़ दें, यहां मौजूद एक भी मकान सलामत नहीं बचा है। इतना ही नहीं, हमास से दूरी बनाकर चलने वाले फलस्तीनी इलाके वेस्ट बैंक पर भी इजरायल के हमले हुए हैं, जिनमें सैकड़ों फलस्तीनी मारे गए हैं।

**पहले से प्रदर्शन –** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में इस लड़ाई के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन बीते दिसंबर में ही शुरू हो गए थे, लेकिन इनकी सार्वजनिक प्रस्तुति शुरू में वैसी ही थी, जैसी फिलहाल दुनिया के ज्यादातर प्रतिरोध आंदोलनों की है। एक गड़बड़ी को दूसरी गड़बड़ी का नतीजा बताकर विरोध की अनदेखी करना। ज्यादा बढ़ता दिखे तो कुचल देना। इस मामले में कहा गया कि फलस्तीनियों ने जो किया, उसका नतीजा वे भुगत रहे हैं। इसमें किसी नैतिक प्रतिवाद की गुंजाइश कहां बनती है?

**यहूदी छात्रों की भूमिका –** लेकिन अमेरिकी विश्वविद्यालयों के विरोध-प्रदर्शन में यहूदी छात्रों की शिरकत भी बड़ी तादाद में थी, जो इजरायल के साथ अपने भावनात्मक रिश्तों के बावजूद बिन्यामिन नेतन्याहू की हुकूमत को फलस्तीनियों के जनसंहार का लाइसेंस देने के लिए तैयार नहीं थे।

**ट्रंपवाद का असर –** यह आंदोलन बढ़ने लगा तो कुछ डॉनल्ड ट्रंप समर्थक राजनेताओं ने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में मुद्दा उठाया कि देश के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी कैंपसों में यहूदी विरोधी (एंटी-सेमिटिक) हलचलें बहुत तेज हो गई हैं और समय से इन्हें रोका नहीं गया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

**छात्रों से सख्ती –** इस मामले में जवाब देने के लिए कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों (प्रेजिडेंट्स) को संसद में बुलाया गया, जिनमें दो ने आरोप से सहमति जताते हुए इस्तीफा भी दे दिया। लेकिन कोलंबिया यूनिवर्सिटी की प्रेजिडेंट ने इस आंदोलन से सख्ती से निपटने की बात संसद में कही तो छात्रों ने इस विश्वविद्यालय के कैंपस में ही डेरा डालने का फैसला कर लिया।




**प्रदर्शन व्यापक हुआ –** जवाब में प्रेजिडेंट ने पुलिस बुला ली। छात्रों के खेमे जबरन हटाए गए तो कुछ तोड़फोड़ भी हुई। लेकिन अगले दिन ये तंबू न सिर्फ यहां बल्कि पचास और कैंपसों में वापस गड़ गए। सबसे बड़ी बात यह है कि लाख कोशिशों के बाद भी इसे सिर्फ फलस्तीनी, अरब या मुसलमान छात्रों का आंदोलन साबित करने की अमेरिकी प्रशासन की कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही हैं।

**छात्रों के इरादे –** जून की शुरुआत में ही अमेरिकी विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं होती हैं। शिक्षक अभी ऑनलाइन क्लासेज ले रहे हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि इम्तहान शुरू होने तक आंदोलन अपने आप ठंडा पड़ने लगेगा। लेकिन छात्रों का इरादा चुनावी साल में देर तक टिकने का है।

**कॉलेजों का रुख –** कोलंबिया विश्वविद्यालय के उलट जिन विश्वविद्यालयों का प्रशासन समझाने-बुझाने के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहता है, उनका कहना है कि इजरायल से आर्थिक रिश्ता रखना या न रखना उनके हाथ में नहीं है। एक अच्छी यूनिवर्सिटी चलाने के लिए हर साल करोड़ों डॉलर खर्च करने पड़ते हैं, जिसका बड़ा हिस्सा किसी घराने की बंधी हुई पूंजी से आता है।

**एएमसी पर दबाव –** किसी उद्यमी ने इस मद में एक बड़ी रकम किसी समय डाल दी, जिसे निवेश के जरिये बढ़ाने या बचाए रखने का काम असेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) करती हैं। इसका कोई हिस्सा अगर इजरायल को हथियार बेचने वाली किसी कंपनी में लगा है, तो एएमसी को इस कंपनी से अपना धन निकालने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा किया गया और उस एएमसी ने हाथ खड़े कर दिए तो यूनिवर्सिटी दिवालिया हो जाएगी।

**बाइडन को नुकसान –** रही बात इस आंदोलन के राजनीतिक प्रभाव की तो इसका नुकसान सबसे ज्यादा राष्ट्रपति जोसफ बाइडन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी को ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से हर अमेरिकी राजनेता सबसे पहले यहूदी जनमत की चिंता करता है। बाइडन भी ऐसा ही कर रहे हैं। लेकिन अमेरिका का यहूदी समुदाय इस बार दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक हिस्सा नेतन्याहू को नापसंद करता है, जबकि दूसरा उनके पक्ष में है। यहूदी युवा पीढ़ी का पहले धड़े की तरफ झुकना अभी बाइडन की मुश्किलें बढ़ा रहा है।

**फायदा किसका –** रही बात ट्रंप की, तो वह खुद को इजरायल और यहूदी समुदाय के संरक्षक की तरह पेश कर रहे हैं। हालांकि इजरायल-फलस्तीन मसले की मौजूदा स्थिति के लिए कोई एक व्यक्ति सबसे ज्यादा जिम्मेदार है तो वे ट्रंप हैं, जिन्होंने राष्ट्रपति रहते फलस्तीन का वजूद मिटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों के पक्ष में अपना सब कुछ दांव पर लगाकर उतरे छात्रों के आंदोलन का फायदा ट्रंप को मिले, यह खुद में एक बड़ी विडंबना है। वैसे अंतिम सूचना के अनुसार कुछ कैंपसों में लगे छात्रों के खेमों पर बाहरी हमले के बाद पुलिस ने आंदोलन के खिलाफ कुछ ज्यादा ही सख्ती दिखाई है और सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# जुताई उपकरण

## (खेत तैयार करने वाले उपकरण)



### पशुचलित उन्नत बक्खर

इस यंत्र में खिंचाव बल कम करने के लिए पारंपरिक सीधे ब्लेड के स्थान पर संषोधित वी ब्लेड लगाया है। वी ब्लेड मिट्टी को काटती है एवं इसके पीछे लगाया गया बेलन मिट्टी के ढेलों को तोड़कर खेत को समतल बनाता है जिससे मिट्टी में नमी सुरक्षित रहती है।

### पशु चालित पटेला हेरो -

यह यंत्र ढेलों को तोड़ने, ठूठ या कचरा एकत्रित करने तथा बुवाई पूर्व खेत को समतल बनाने के लिए उपयोगी है। इसमें साल की लकड़ी या पटिया, कचरा एकत्रित करने हेतु हुक , हुक प्रणाली को उठाने तथा एक स्थिति में रोकने के लिये

### मचाई यन्त्र

धान के प्रतिरोपण हेतु, खेत को समान उथली मचाई के लिये गड़रेदार पहिया युक्त एवं खूटीदार मचाई यंत्र का उपयोग किया जाता है। यह यंत्र उच्च यांत्रिक छितराव के सिद्धांत पर कार्य करता हैं। गड़रेदार पहिया युक्त मचाई यंत्र से मचाई कार्य को सम्पादित करने हेतु लोहे की चद्दर का पाटा, मुख्य ढाँचा, यंत्र खिचाव प्रणाली, एंगल युक्त बेलनाकार पहिया आदि लगाए गए है। खूटीदार मचाई यंत्र इकाई में मुख्य ढाँचा, खूटी, यंत्र खिंचाव प्रणाली इत्यादि लगायी गयी है पषु एवं टैऊ्रटर चालित यंत्र में क्रमषः 10 एवं 23 खूटी लगायी जाती है।

### ट्रैक्टर चलित रोटावेटर

खेत में उचित नमी की अवस्था में बीज शस्य शैय्या एक बार के प्रचालन में तैयार कर लिया जाता है। रोटावेटर में लेवलर की सहायता से मिट्टी समतल होती है। इसके मुख्य भाग कार्बन शाफ्ट ब्लेड गीयर बाक्स एसम्बली, स्परगीयर एसम्बली, टेऊलिंग बोर्ड इत्यादि है। जिस खेत में गहरी जुताई नहीं हुई हो, उस खेत में इस यंत्र से मचाई करके धान की रोपाई किया जाता है इस यंत्र से 30-35 प्रतिशत समय की बचत, 20-25 प्रतिशत प्रचालन लागत में बचत और 25-30 प्रतिशत उच्च गुणवत्ता वाला कार्य करते है।



### मोल हिल

इस हल का प्रयोग अस्थायी तौर पर जल भराव वाली गहरी काली मिट्टी में से जल निकासी के लिए किया जाता हैं। यह 75 अश्वशक्ति टैऊ्रटर के त्रिबिन्दू संयोजन से हल को जोड़कर मृदा की सतह से लगभग 600 मिमी गहराई पर पाइप रहित नालियाँ बनाई जाती है। इस नाली की अवधि मिट्टी की भौतिक अवस्था तथा मौसम पर भी निर्भर करती है। इसका उपयोग मानसून की समाप्ति के एक माह के पष्चात हो सकता है। वांछित गहराई पर नालियां बनाने के लिए मिट्टी को सुघट्य (प्लास्टिक) अवस्था में होना चाहिए।

### ट्रेक्टर चलित प्लास्टिक मल्च लेइंग मशीन

इस मशीन से प्लास्टिक फिल्म बिछाने (फिल्म की चैड़ाई 600-1200 मि.मी.) हेतु प्रयोग किया जाता है, ताकि मृदा नमी का दक्षतापूर्ण संरक्षण एवं उपयोग किया जा सके। प्लास्टिक मल्च का उपयोग अधिक ठंडे मौसम में बीजों के अंकुरण हेतु मृदा के तापमान को बढ़ाकर अंकुरण के अनुकूल बनाना, पर्यावरण तथा मिट्टी की संरचना का रखरखाव एवं खरपतवार पर नियंत्रण किया जा सकें। मशीन में 400 मिमी व्यास के दो अवतल डिस्क, 350 मिमी व्यास के दो न्यूमैटिक प्रेस पहिये, 600 मि.मी. के दो न्यूमैटिक परिवहन पहिए, मिट्टी से प्लास्टिक फिल्म रोल किनारों को ढंकने के लिए दो स्क्रैपर्स टैलिस्कोप द्वारा समायोजनीय रॉड पर मुख्य ढांचे पर क्लैम्प्स की सहायता से लगाये गए हैं प्लास्टिक शीट को रोल होल्डर एसेम्बली पर ऊंचाई तथा चैड़ाई के समायोजन के साथ रखना पड़ता है।

### मानव चलित धान बुआई यन्त्र

इस यंत्र से अंकूरित धान को मचाई किये गये खेत में बुआई किया जाता है। यह यंत्र 4 कतार से 8 कतार वाले में उपलब्ध है कतार से कतार को दूरी 200 मि.मी. है। लगड पहिया की सहायता से ड्रम को हिलाते है जिससे कि धान के बीज स्वतंत्र रूप से कतार में गिर सके। बीज को नियंत्रण करने के लिए बीज के छिद्र को बन्द किया जाता है।



### पशु चलित बुआई यन्त्र

द्विकतारी बीज बुआई यंत्र, द्विकतारी बीज सह उर्वरक बुआई यंत्र तीन कतारी बीज बुआई यंत्र, तीन कतारी बीज सह उर्वरक बुआई यंत्र एवं प्लान्टर का उपयोग छोटे, मध्यम एवं बड़े आकार के बीज (सरसों, सोयाबीन, मक्का, मूँगफली इत्यादि) की बुआई वर्षा सिंचित काली मिट्टी के क्षेत्र में बोया जाता है। इस यंत्र में मुख्य ढॉचा, मापक प्रणाली सहित उर्वरक एवं बीज बाक्स, चेन एवं दांतेदार पहिया युक्त प्रचालन पहिये, इत्यादि है कुंड बनाने के लिये शू प्रकार बूट लगाकर के बीज को वांछित गहराई पर बुआई की जाती है। बैल चालित प्लान्टर में अवनत प्लेट युक्त मापक प्रणाली से पौधे से पौधे की निष्चित दूरी पर बुआई की जाती है।

### पावर टिलर चलित बुआई यन्त्र

पावर टिलर चलित बीज बुआई यंत्र 8-10 अष्व शक्ति के पावर टिलर के साथ चलाने हेतु विकसित किया गया है जो बीज व उर्वरक की कतार में बुवाई करता है। इस यंत्र का मुख्य ढांचा, बीज एवं उर्वरक बाक्स प्रणाली, परिवहन पहिया, कुंड बनाने वाला यूनिट, खिचांव प्रणाली, हैंडिल इत्यादि है। इस यंत्र को एक व्यक्ति के द्वारा चला कर सोयाबीन, गेहूँ, चना, ज्वार इत्यादि की बुआई करते है।


### पावर टिलर चलित जुताई एवं बुआई यन्त्र गेहूँ

यह यंत्र खेत को तैयार करने के साथ-साथ बीज एवं उर्वरक की बुआई करता है। इसको चलाने के लिये 10-12 अश्वशक्ति का पावर टिलर उपयोग में लाया जाता है इस मशीन पर प्रचालक सीट पर बैठकर यंत्र को चलाता है। इसमें जुताई यूनिट के साथ मुख्य ढांचा, बीज एवं उर्वरक बाक्स, परिवहन व प्रचालन पहिया इत्यादि लगाये गये है।

### ट्रेक्टर चलित बुआई यन्त्र

छः कतारी वाली अवनत प्लेट प्लान्टर से छोटे व बड़े प्रकार के बीज के लिये उपयुक्त है। बीज के अनुसार प्लेट का चयन करके बुआई की जा सकती है। प्रत्येक कतार के लिये बीज अवनत प्लेट युक्त मापन प्रणाली, उर्वरक बाक्स इत्यादि लगे है, कतार से कतार की दूरी को भी समायोजित कर सकते है। छः कतार वाली वायवीय (न्यूमेटिक) प्लान्टर के द्वारा पूर्व निर्धारित बीज से बीज एवं कतार से कतार के अन्तराल पर बीज की बुआई की जाती है। यह यंत्र छोटे व बड़े विभिन्न प्रकार के बीज के लिये उपयुक्त है।इसमें मुख्य ढांचा, हवा चुसक प्रणाली, सेल प्रकार की मापन प्रणाली, बीज बाक्स, कुंड बनाने वाली यूनिट एवं पी.टी. ओ. चलित शॉफ्ट, प्रचालन पहिया इत्यादि लगाये गये है। ट्रैक्टर चलित जीरो टिल सीड ड्रिल से धान की कटाई के उपरांत खेत को बिना जुताई के गेहूँ की बुआई हेत उपयोग किया जाता है इसमें 9 कतारों हेतु बीज एवं खाद मापक प्रणाली एवं इनवर्टेड टी प्रकार के कुड लगे हुए है। इस मशीन क उपयोग से समय एवं प्रचालन लागत में क्रमशः 56 प्रतिशत एवं 43 प्रतिशत की बचत होती है। ट्रैक्टर चलित उत्थित क्यारी प्लान्टर से गेहूँ, चना, सोयाबीन इत्यादि फसले उत्थित क्यारी पर बुआई की जाती है। इसके मुख्य भाग बीज सह उर्वरक बॉक्स, (रेज़्ड बेड) उत्थित क्यारी यूनिट, नाली बनाने वाली यूनिट, बेड शेपर इत्यादि हैं। परम्परागत विधि की अपेक्षा पैदावार में वृद्धि एवं सिंचाई जल में बचत क्रमशः 20 प्रतिशत एवं 25-30 प्रतिशत तक प्राप्त होती है।

### बुवाई एवं रोपाई यंत्र मानव चलित रोपछिद्रक (डिबलर)





नवीन रोपछिद्रक (डिब्लर) से अच्छी तरह तैयार खेत में बड़े या मध्यम आकार की बीज की बुवाई करने या अंतर को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसमें जॉ प्रकार की बीज डालने की प्रणाली, लकड़ी की गढ्ढेदार मापक प्रणाली जॉ के लिए लीवर प्रकार की प्रचालन प्रणाली, बीज बक्सा-हत्था एवं बीज निकासद्वार लगे हुये है। चक्रीय रोपछिद्रक (रोटरी डिवलर) से अच्छी तरह तैयार किए गए खेत में बड़े अथवा मध्यम आकार के बीजों की बुवाई कतारों में पौधे से पौधे की नियमित दूरी पर की जाती है। इसमें बीज हॉपर, बीज निकास जॉ, जॉ प्रचालन लीवर, लकड़ी का रोलर, हत्था, परिवहन तथा मिट्टी दबाने वाला पहिया इत्यादि लगाए गए है।

### ट्रैक्टर चलित सब्जी रोपाई यन्त्र

इस यंत्र के द्वारा बैंगन, टमाटर, मिर्च, बन्दगोभी, फूल-गोभी इत्यादि के पौधों की रोपाई की जाती है। इस मशीन के द्वारा दो तथा चार कतारों में 20-25 दिन के सब्जी के पौधों की रोपाई की जाती है। इसके मुख्य भाग ढाँचा, रोपाई टैऊ रोपाई फिंगर, पहियादार मापक यूनिट तथा रोपाई के बाद रोप को मिट्टी से ढकने वाले यूनिट है। इस यंत्र के साथ रोपित पौधों को पानी देने वाली यूनिट भी उपल्बध है।

### धान रोपाई यंत्र

धान रोपाई यंत्र से मचाई किये गये खेत में चटाई प्रकार के धान के पौधों का प्रतिरोपण किया जाता है। 6 कतारी मानव चलित यंत्र में हत्था, पौधे पकड़ने वाली प्रणाली, पौध टेऊ रोपक प्रणाली (इन्डेकासिंग प्रणाली) मुख्य ढांचा, लकड़ी के उत्पलावक पट्टी आदि लगे है। 8 कतारी स्वचलित धान रोपाई यंत्र में 5.5 अष्व शक्ति का इंजन लगाया गया है। इसमें कतार से कतार के बीज की दूरी 238 मि.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 100 -120 मि.मी. प्राप्त होती है। इसमें क्रेकिंग प्रकार की रोपक प्रणाली है जिससे आवष्यक समायोजन कर रोपक पौधे के बीज की दूरी समायोजित की जा सकती है।

### ट्रैक्टर चलित स्ट्रारीपर कम्बाईन हार्वेस्टर

यह यंत्र 35 अश्वशक्ति टैऊ्रटर के पीटीओ से चलाया जाता है। इस मशीन में भूसा इक्टठा करने मानक वाली यूनिट, काटने वाली स्टैंडर्ड कटरबार, आगर प्रकार की फीडिंग यूनिट, थ्रेसिग ड्रम ब्लोअर तथा दाना एकत्रित करने वाली टेऊ इत्यादि लगी हुई है। भूसा, गहाई के उपरांत, बिन में एकत्रित हो जाता है। बिन स्ट्रारीपर के फ्रेम पर स्थित है, जब भूसा का बिन भर जाता है तब भूसे को उचित स्थान पर, हाइड्रोलिक की सहायता से खाली कर देते है। यह यंत्र चलाने में ज्यादा सुविधाजनक तथा इससे सम्पूर्ण कटाई कार्य आसानी से किया जाता है। मशीन को खेत में मोड़ने के लिए कम प्रयास और जगह की जरूरत होती है। ट्राली में भूसी छोड़ने तथा उसे उड़ने से बचाने के लिए ट्राली में हुड लगाया गया है।



## निदाई गुड़ाई करने वाले यंत्र

### मानव चलित यंत्र

मानव द्वारा चलाये जाने वाले इन यंत्रों जो कि निंदाई एवं गुड़ाई का कार्य आसानी से किया जा सकता है। इन उपकरणों का उपयोग कतारीय फसलों में किया जाता है। खुरचने वालों निंदाई यंत्र में एक लम्बा हत्था, फेरूल, तीन स्वीप प्रकार की ब्लेड इत्यादि लगे होते है, इस यंत्र को मिट्टी की सतह पर खीचने से ऊपरी सतह के साथ खरपतवार भी उखड़ जाते है। खूंटीदार शुष्क भूमि निंदाई यंत्र में हत्था, समायोजनीय वी ब्लेड तथा खंटी युक्त रोलर लगाया गया है। शुष्क भूमि की ऊपरी परत को खूंटीयुक्त रोलर से तोड़ा जाता है। जबकि खरपतवार को उखाड़ना तथा मिट्टी की गुड़ाई ब्लेड को आगे-पीछे धकेलकर तथा खींचकर की जाती है। एकल पहिया निंदाई यंत्र में पहिया, ढांचा, हत्था, समायोजनीय वी ब्लेड आदि लगे है इस इकाई को आगे धकेलकर तथा पीछे खींचकर खरपतवार को काटकर उखाड़ा जाता है। द्विपहिया निंदाई यंत्र में एक द्विपहिया ढांचा, वी ब्लेड, यू क्लेम्प, हत्था आदि लगा होता है। इस इकाई को भी आगे धकेलकर तथा पीछे खींचकर खरपतवार को काटा एवं उखाड़ा जाता है। शंक्कुकार निंदाई यंत्र जलमग्न धान के खेत में दो कतारों के बीज निंदाई-गुड़ाई करने के लिये उपयुक्त है इसमें दो शंक्काकार बेलनों पर कतार में लगे ब्लेड, हत्था तथा संग्रहण बाक्स लगे है।

### ट्रैक्टर चलित छः कतारी अंकुरण पूर्व खरपतवारी नाशी छिड़काव यन्त्र



इस यंत्र से सोयाबीन, अरहर इत्यादि फसलों की बुआई के समय खरपतवार नाषी रसायानों के छिड़काव हेतु उपयोग किया जाता है। यंत्र के मुख्य भाग छः नोजल, पिस्टन पम्प, दाब नियंत्रक बाल्व, दाब मापी, पाइप, बीज सह खाद उन्नत यंत्र इत्यादि है। फसल की कतार से कतार के दूरी के अनुसार नोजल को समायोजित किया जाता है इस यंत्र के उपयोग से 40-50 प्रतिशत खरपतवार नाषक की बचत होती है।

### पशु व ट्रैक्टर चलित खुदाई यन्त्र

मट्टी से मूँगफली, आलू इत्यादि की खुदाई, एक श्रम साध्य तथा कठोर परिश्रम वाला कार्य है। पषु चलित खुदाई यंत्र में बीज, ढांचा, हत्था, प्रचालन पहिया, गहराई समयोजन प्रणाली तथा वी ब्लेड लगाये गये है। इसमें झुंड अथवा छितरायी प्रकार की मूँगफली फसलों के लिए क्रमषः 300 तथा 450 मि.मी. चैड़ाई के ब्लेडों का प्रयोग किया जाता है। टैऊ्रटर चलित मूँगफली खुदाई यंत्र से मूँगफली के पौधे मिट्टी के सतह पर लाये जाते है मिट्टी की सतह पर लायी गयी फलियाँ को हाथ से एकत्रित कर लिया जाता है। यह यंत्र 25-35 अश्वशक्ति के टैऊ्रटर द्वारा चलाया जाता है।

### अक्षोय प्रवाह गहाई यन्त्र

अक्षीय प्रवाह बहुफसलीय गहाई यंत्र में फसल का प्रवाह सिलेन्डर के ऊपर अक्षीय दिषा में होने के कारण फसल से अनाज अलग करने के लिए अधिक घर्षण शक्ति प्राप्त होती है। यह गेहूँ, सोयाबीन, ज्वार, मक्का, अरहर, धान, सूर्यमुखी तथा कुसुम की गहाई के लिए उपयुक्त है। यह 7.5 अश्वशक्ति की थ्री फेज विद्युत मोटर द्वारा प्रचालित किया जाता है और इसमें फसल भरण सूप (रेस्पबार) पत्तीयुक्त सिलेण्डर, अवतल, अर्द्धवृत्ताकार प्लेट, ब्लोअर, छलनी तथा रबड़ के परिवहन पहिये लगाये गये है। उच्च क्षमता वाली बहुफसलीय गहाई यंत्र से गेहूँ, मक्का, ज्वार, चना, सोयाबीन, अरहर तथा सूर्यमुखी इत्यादि फसलों की गहाई के लिये प्रयुक्त है यह 20 अश्वशक्ति की थ्री फेज मोटर अथवा 35 अश्वशक्ति के टैऊ्रटर पी.टी. ओ. द्वारा चलाया जा सकता है। इसमें स्वचालित फसल भराई के लिये साथ भरण सूप, स्पाइक टूथ सिलेण्डर, तीन एस्पीरेटर ब्लोअर, हिच प्रणाली तथा रबड़ के परिवहन पहिये लगे है। उच्च क्षमता वाले अरहर गहाई यंत्र से अरहर की गहाई की जाती है इसके मुख्य अंग स्वचलित फसल भराई यूनिट, स्पाईक प्रकार थ्रेसिंग सिलेन्डर, दो नग एसपीरेटर ब्लोअर, शेकिग यूनिट तथा परिवहन पहिए है। यह यंत्र भाड़े पर तथा वृहद स्तर पर अरहर उगाने वाले कृषकों के लिये अत्यंत उपयोगी उन्नत यंत्र है।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हुई, 67 लोग अब भी लापता

**साओ पाउलो, एजेंसी।** रियो ग्रांडे डो सुल के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि 67 लोग अब भी लापता हैं। 32 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। तूफान ने राज्य के 497 शहरों में से दो तिहाई को प्रभावित किया। बाढ़ ने कई क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को नष्ट कर दिया। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से सटे राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि 67 लोग अब भी लापता हैं। 32 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। तूफान ने राज्य के 497 शहरों में से दो तिहाई को प्रभावित किया। बाढ़ ने कई क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को नष्ट कर दिया। भूस्खलन के कारण एक छोटे पनबिजली संयंत्र में बांध को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। अधिकारियों ने कहा कि बेंटो गोंसाल्वेस शहर में एक दूसरे बांध के भी ढहने का खतरा है। रियो ग्रांडे डो सुल की राजधानी पोर्टो एलेग्रे में गुइबा झील में पानी बढ़ गया, जिससे वह बाढ़ के रूप में सड़कों पर आ गई। पोर्टो एलेग्रे के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानों को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। राज्य के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले छत्तीस घंटों में रियो ग्रांडे डो सुल के उत्तरी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। हालांकि बारिश की मात्रा में गिरावट आ रही है। ब्राजील में आई इस भीषण बाढ़ के कारण कई शहर तबाह हो गए और हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह एक साल में चौथी ऐसी पर्यावरणीय आपदा है। इससे पहले 2023 में जुलाई, सितंबर और नवंबर में भी बाढ़ आई थी जिनमें कुल 75 लोग मारे गए थे। ब्राजीलियाई भूवैज्ञानिक सेवा के अनुसार, राज्य में आई बाढ़ 1941 की ऐतिहासिक बाढ़ से भी भीषण है। एजेंसी ने कहा कि कुछ शहरों में जल स्तर तब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जब से इसे दर्ज करना शुरू किया गया है। जलस्तर लगभग 150 साल पहले से दर्ज करना शुरू किया गया था। रक्षा एजेंसी के अनुसार, बाढ़ में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 68 अन्य लोग अब भी लापता हैं तथा 24,000 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा है। उसने बताया कि बाढ़ के कारण पूरे राज्य में विद्युत आपूर्ति, संचार सेवा और जल आपूर्ति बाधित हो गई है।

### एयरपोर्ट पर शख्स की पैंट में हो रही थी अजीब हरकत, खुलवाई तो निकले सांप

**मियामी , एजेंसी।** अमेरिका में एक युवक की अजीब हरकत सामने आई है। मियामी एयरपोर्ट पर एक शख्स बाहर निकलते हुए अजीब व्यवहार कर रहा था। उसकी पैंट में कुछ अजीब हरकत हो रही थी। जब पुलिस अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी पैंट खुलवा ली। अंदर का नजारा देख पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए। उसकी पैंट के अंदर से दो सांप निकले। पुलिस ने तत्काल ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त राज्य अमेरिका के मियामी में एयर पोर्ट के सुरक्षा अधिकारी उस वक्त हैरान रह गए जब उनका ऐसे यात्री से सामना हुआ जो अपनी पैंट के अंदर सांप लेकर घूम रहा था। उसने पैंट के अंदर एक थैली में सांप छिपाकर रखे थे। अमेरिकी परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 26 अप्रैल को चेकपॉइंट पर एक यात्री के पैंट में सांपों से भरे बैग निकाले।

### बुरे दौर में सुनक की पार्टी, बढ़ गई है टेंशन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में अब स्थानीय चुनाव में पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कई क्षेत्रों में बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर, विपक्षी लेबर पार्टी का उदय बढ़ता जा रहा है। इस बार उन्हें 26 फीसदी ज्यादा वोट मिले है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है कि लेबर पार्टी को इतनी बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी की लोकप्रियता लगभग निचले स्तर पर है, ऐसे में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर ज्यादा दबाव आ गया है। कंजर्वेटिव पार्टी कुल तीन परिषदें हार चुकी है।

## लेबर पार्टी के सादिक खान ने रचा इतिहास, तीसरी बार जीता लंदन के मेयर का चुनाव



**लंदन, एजेंसी।** लेबर पार्टी के नेता खान ने 43.7 फीसदी मत हासिल कर अपनी कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी सुसैन हॉल को हराया। उन्हें 2016 के लंदन मेयर चुनाव की तुलना में 11 फीसदी अधिक मत मिले। पाकिस्तानी मूल के नेता सादिक खान ने शनिवार को इतिहास रचा है। उन्होंने लंदन के मेयर पद पर तीसरी बार जीत दर्ज की। इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सीएनएन ने यह जानकारी दी। लेबर पार्टी के नेता खान ने 43.7 फीसदी मत हासिल कर अपनी कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी सुसैन हॉल को हराया। उन्हें 2016 के मेयर चुनाव की तुलना में 11 फीसदी अधिक मत मिले। मेयर पद के कुल 13 उम्मीदवारों में से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ रहे दिल्ली में जन्मे कारोबारी तरुण गुलाटी को कुल 24,702 वोट मिले और वह दसवें स्थान पर रहे। चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने लंदन की जनता का आभार जताया और कहा कि वह हर लंदनवासी के लिए एक सुरक्षित हरियाली वाले शहर को बनाने में अथक प्रयास करेंगे।

खाने एक्स पर लिखा, शुक्रिया लंदन। जिस शहर से मैं प्यार करता हूं उसकी सेवा करना मेरे जीवन के लिए सम्मान की बात है। आज का दिन इतिहास बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य को आकार देने के बारे में है।

# कनाडा कानून के शासन वाला देश, निज्जर हत्या मामले में तीन भारतीयों की गिरफ्तारी पर बोले पीएम ट्रूडो

**ओटावा, एजेंसी।**
पिछले साल जून में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। अब पीएम ट्रूडो ने कनाडा को कानून के शासन वाला देश बताया है।

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी बनी हुई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है।



**इन लोगों को किया गिरफ्तार:** बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

**कानून के शासन वाला देश:** ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है।

**जांच तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं:** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी। साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है।

**भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण:** पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी 45 वर्षीय निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि ये टिप्पणियां कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा को दी गई राजनीतिक जगह को दिखाती है।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध:** कनाडा पुलिस के अनुसार इन तीनों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के ग्रुप से है। करण बराड़ लगभग साढ़े चार साल पहले 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है। 18 अप्रैल को ही उसके पिता मनदीप सिंह बराड़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसकी माता रमनदीप बराड़ लगभग डेढ़ साल पहले सिंगापुर चली गई थी। करण बराड़ अपने पिता की मौत पर भी नहीं आया था। अब घर में सिर्फ उसके दादा बलवीर सिंह बराड़ हैं।

बलवीर सिंह बराड़ ने बताया था कि यहां पर उनका पोता बहुत ही शरीफ और समझदार था। वहां जाकर क्या हुआ क्या नहीं इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता।



## बच्चों में साइबर अपराधों से चिंतित सीजेआई चंद्रचूड़, मुकाबला करने को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की बताई जरूरत

**काठमांडू, एजेंसी।**
भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे मुकाबले के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। सीजेआई तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाल के चीफ जस्टिस बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने संबोधन में बच्चों और उनसे जुड़ी सामाजिक प्रणालियों के बीच जटिल संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चे साफ-सुथरी स्लेट के साथ दुनिया में आते हैं। लेकिन वे कुछ कारकों जैसे आर्थिक कठिनाई, माता-पिता की लापरवाही और साथियों के दबाव के चलते भटक सकते हैं। उन्होंने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते समय हमें कानूनी विवादों में उलझे बच्चों की कमजोरियों और अनूठी जरूरतों को पहचानना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी न्याय प्रणाली सहानुभूति, पुनर्वास और समाज में पुन- एकीकरण के अवसरों के साथ काम करे।

## शहबाज बोले- भारत की अर्थव्यवस्था को पछाड़ सकता है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि देश अगर मेहनत करे तो भारत और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ सकता है।

प्रधानमंत्री शहबाज शनिवार को इस्लामाबाद के फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू में अधिकारियों को सम्मानित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने यह बयान दिया। हालांकि, जहां एक तरफ पाकिस्तान बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से टक्कर लेने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ देश में मंहगाई चरम पर है।

रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे है। सरकार भी इनके दाम कंट्रोल करने में फेल साबित हो रही है। देश पर कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान के ऐरी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में दूध की कीमत 210 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर हो गई है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें टैक्स कलेक्शन हमारी बड़ी चुनौती है। टैक्स कलेक्शन के बाद हमारे रेवेन्यू में बढ़ोतरी होनी चाहिए थी, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण ऐसा कुछ नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक देश में हर साल 5.8 ट्रिलियन रुपए की टैक्स चोरी होती थी। यह पाकिस्तान की [illegible] करीब 6.9 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री शहबाज ने आगे कहा, देश में 9.4 ट्रिलियन रुपए के सालाना रेवेन्यू के मुकाबले 24 ट्रिलियन रुपए रेवेन्यू जनरेट करने की क्षमता है। लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही की वजह से हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। जिन देशों ने अपने आप पर विश्वास रखा , वो आगे बढ़ रहे हैं। वहीं हमें बार-बार लोन मांगने के लिए [illegible] के पास जाना पड़ रहा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक टैक्स चोरी है। इस समस्या का पाकिस्तान पीएम कई बार जिक्र भी कर चुके हैं। कुछ दिन पहले पाकिस्तान के फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने टैक्स वसूली के लिए नया तरीका निकाला था। एफबीआर ने कहा था कि 15 मई तक टैक्स न जमा करने पर देश के 5 लाख से ज्यादा डिफॉल्टर्स की सिम डिएक्टिवेट कर दी जाएगी।



## अमेरिका में 24 साल की महिला टीचर ने 5वीं कक्षा के छात्र से बनाए संबंध, मैसेज से हुआ खुलासा; जुलाई में होनी थी शिक्षिका की शादी

**बाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन में एक प्राइमरी स्कूल की एक टीचर पर 11 वर्षीय छात्र के साथ अनुचित संबंध के आरोप लगे हैं। सेंट पॉल की रहने वाली 24 वर्षीय टीचर मैडिसन बर्गमैन गंभीर आरोपों का सामना कर रही है। बर्गमैन पर 13 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ फर्स्ट-डिग्री बाल यौन उत्पीड़न की धाराएं भी शामिल हैं। गुरुवार को सेंट क्रॉइक्स काउंटी में शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत से यह पता चला कि पुलिस को हडसन में रिवर क्रेस्ट एलीमेंट्री स्कूल में व्यवहार के बारे में आगाह किया गया था। रिपोर्ट में विशेष रूप से टीचर बर्गमैन और 5वीं कक्षा के एक छात्र के बीच अनुचित आचरण की जानकारी दी गई थी। अधिकारियों को पीड़ित बच्चे और टीचर बर्गमैन के बीच टेक्स्ट मैसेज के स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराए गए, जो पीड़ित के माता-पिता ने देखे थे। टीचर कथित तौर पर बच्चे को हर दिन मैसेज कर बता रही थी कि उसे उसके साथ बाहर घूमने और उसके स्पर्श से कितना आनंद आया।

## उन्हें नफरत सिखाई जाती है, बच्चों को गाजा में ही बंद रहने दो- अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
इजरायल और हमास के बीच चल रहे महायुद्ध में गाजावासियों की दुर्दशा को देखते हुए अमेरिकी सरकार फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अपने देश में पनाह देने की योजना बना रही है। जो बाइडेन सरकार की इस संभावित प्लानिंग पर अमेरिकी सांसद ने आपत्ति जताई है। रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा कि यह कदम देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने जैसा कदम होगा। उन्होंने कहा कि गाजा के जिन बच्चों को हम अपने यहां लाने की सोच रहे हैं, वहां उन्हें नफरत की शिक्षा दी जाती है। उन्हें गाजा में ही बंद कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर इतना ही जरूरी है तो यह कदम कोई अरब देश क्यों नहीं उठाता।

इजरायल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे कत्लेआम में सबसे ज्यादा नुकसान गाजा शहर में हुआ है। यहां मरने वालों की तादाद कम से कम 34 हजार है। अभी भी इजरायली सेना रुकी नहीं है, हमास के हर कण को मिटाने की कसम खा चुकी आईडीएफ ने गाजा और उससे सटे राफा शहर में अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात कही है। गाजा में जान गंवाने वाले अधिकतर महिलाएं और मासूम बच्चे हैं। अमेरिका और यूएन समेत कई आधी दुनिया चिंता जता चुका है।



तमाम आलोचनाओं को झेलने के बावजूद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू बेपरवाह हैं और अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात दोहरा चुके हैं।

उधर, गाजा में कत्लेआम से चिंतित बाइडेन सरकार योजना बना रही है कि जिन अमेरिकियों के रिश्तेदार गाजा में रह रहे हैं, उन्हें शरणार्थी के तौर पर अमेरिका में पनाह दी जाएगी। हालांकि बाइडेन सरकार के इस संभावित कदम की अमेरिकी सीनेटर रॉन जॉनसन ने कड़ी आलोचना की है।

## संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की चेतावनी- उत्तरी गाजा पर मंडरा रहा पूर्ण अकाल का खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने इस्राइल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम का आह्वान दोहराया है।डब्ल्यूएफपी की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है।



हमास और इस्राइल के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने संघर्ष विराम का आह्वान किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, हम निरंतर युद्ध विराम और गाजा में सुरक्षित प्रवेश के लिए निर्बाध पहुंच के लिए विभिन्न क्रॉसिंग को खोलने की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी गाजा में मदद प्रदान करने वाले कई समूहों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि गाजा पट्टी में भोजन की उपलब्धता में मामूली सुधार हुआ है । लेकिन 2.4 लाख फलस्तीनियों के घर पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी सगंठनों पर जल्दी से मदद वितरित न करने का आरोप लगाया है। उधर, इस्राइली सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान पांच फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने उत्तरी शहर तुलकेरम के पास देर अल-घुसुन गांव में भारी सैन्य तैनाती देखी। फोटोग्राफर ने बताया कि सैनिकों ने एक इमारत को समतल करने के लिए बुलडोजर तैनात किया और मलबे में एक शव बाहर निकाला।

# पाकिस्तान सरकार ने नई साइबर क्राइम एजेंसी बनाई, विशेषज्ञों का मानना है - यह इमरान खान समर्थकों को भी निशाना बनाएगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) नामक एक राष्ट्रीय एजेंसी बनाने के फैसले ने देश में चिंता बढ़ा दी है और कई विशेषज्ञों ने कहा है कि इस कदम से न केवल नागरिकों के निजता के अधिकार पर गंभीर असर पड़ेगा। इसका उद्देश्य जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की व्यापक सोशल मीडिया उपस्थिति को निशाना बनाना भी था।

पाकिस्तान सरकार के स्थापना प्रभाग ने सोशल मीडिया पर प्रचार और अफवाहों का मुकाबला करने और लोगों के डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ एनसीसीआईए के गठन की घोषणा की।

संघीय सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन सहित उत्पीड़न का अंत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने और उपभोक्ताओं के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए एनसीसीआईए जैसे प्राधिकरण की तत्काल और सख्त जरूरत थी।

हालाँकि, सुरक्षा विशेषज्ञ सरकार से सहमत नहीं हैं और उन्होंने नागरिकों के निजता के अधिकार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर चिंता जताई है। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण के पूर्व प्रमुख व पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ख्वाजा खालिद फारूक ने कहा कि यह उन चिंताओं को जन्म देता है, जो प्रयासों और संसाधनों के दोहराव से परे हैं, यह कदम नागरिकों की निजता के अधिकार को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, जिसे साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की जल्दबाजी में नजरअंदाज कर दिया गया है। एक अन्य दृष्टिकोण में कहा गया है कि सैन्य प्रतिष्ठान सोशल मीडिया पर अपनी बड़ी उपस्थिति के माध्यम से पीटीआई द्वारा चलाए जा रहे सत्ता-विरोधी अभियानों से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति और अधिकार रखना चाहता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि पीटीआई पाकिस्तान में एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसकी सोशल मीडिया पर बहुत मजबूत माजूदगी है। इसके अभियान और सोशल मीडिया टीमों का सोशल मीडिया जुड़ाव के माध्यम से जनता पर सबसे मजबूत प्रभाव है।



उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई और इमरान खान के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सैन्य विरोधी भावनाएं प्रबल और व्यापक रूप से व्यक्त की गई हैं।

## आर्मी चीफ मुनीर के बयान पर भड़के पाकिस्तानी, बोले- कश्मीर छोड़ो बलूचिस्तान भी हाथ से न निकल जाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद पाकिस्तानियों ने उनके खिलाफ भड़ास निकाली है । मुनीर ने भारत अपना कट्टर प्रतिद्वंद्वी बताते हुए कश्मीर को राजनयिक समर्थन जारी रखने का वादा किया है। खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान वायु सेना अकादमी की परेड में मुनीर ने कश्मीर पर इस्लामाबाद को घटते हुए अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निराशा जाहिर करते हुए कहा था कि कश्मीर पर दुनिया की चुप्पी काफी अजीब और परेशान करने वाली है। इस मुद्दे पर पाक के लोग क्या सोचते हैं, ये जानने के लिए पाकिस्तानी यूट्यूबर सना अजमद ने लोगों से बातचीत की है।

पाकिस्तान के लोगों ने इस पर कई मजेदार जवाब दिए हैं। यूट्यूबर सना ने लोगों से पूछा कि कश्मीर पर दुनिया की सपोर्ट पाकिस्तान के लिए कम क्यों हो रही है, जिस पर आर्मी चीफ भी फिक्रमंद हैं। इस पर बाबर नाम के स्टूडेंट ने कहा, पाकिस्तान को ये तय करना होगा कि वो कहां खड़ा है। आर्थिक तौर पर जिस तरह से हम कमजोर हो रहे हैं, उसका असर हर पहलू पर पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर ढांचे में बदलाव की गलत खबर से गुस्से में निवेशक, सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के एक बड़े बिजनैस चैनल द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद टैक्स के ढांचे में परिवर्तन किए जाने की रिपोर्ट का मामला शनिवार को सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। इस खबर के कारण निवेशकों को - शुक्रवार को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है जिस कारण वह गुस्से में नजर आए। स्टॉक मार्किट से जुड़े बड़े निवेशकों ने इस मामले में ट्वीट करके वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ट्वीट को री-ट्वीट किया। दिवंगत राकेश झुनझुनवाला के प्रशंसक आर.जे. स्टॉक्स ने इस मुद्दे पर चैनल की रिपोर्ट और उस पर दी गई वित्त मंत्री की सफाई दोनों के स्क्रीन शॉट शेयर किए, जबकि एक अन्य निवेशक अलोक जैन ने लिखा, बिजनैस चैनल ने कैपिटल गेन टैक्स पर अपनी स्टोरी को डिलीट कर दिया है। यह बिना तैयारी की रिपोर्टिंग है। क्या किसी को अंदाजा है कि एक अफवाह के चलते शुक्रवार को कितने लोगों का करोड़ों रुपए का नुकसान है गया। रिपोर्टिंग में जिम्मेवारी होनी चाहिए। दरअसल एक शीर्ष बिजनैस चैनल ने अपनी वैबसाइट पर लिखा था कि वित्त मंत्रालय चुनाव के बाद कर ढांचे में बदलाव की योजना बना रहा है और इसके तहत देश में कर चोरी के मामले कम करने के साथ-साथ नए कानून लाने की तैयारी हो रही है जिसमें कर चोरी के मामलों में भारी जुर्माने करने के प्रावधान किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के बाद बाजार को लगा सरकार कैपिटल गेन टैक्स में बड़ा कि बदलाव कर सकती है और इससे निश्चित तौर पर बाजार में निवेशकों पर बोझ बढ़ेगा तथा भारतीय बाजार में निवेश काम हो सकता है। इसी चिंता में बाजार लुढ़क गए। शुक्रवार को निफ्टी 22766 अंक पर खुला और दोपहर पौने दो बजे तक लुढ़क कर 22348 अंक पर आ गया और इसमें अपने ऊपरी स्तरों से 418 अंकों की गिरावट देखने को मिली, जबकि सैंसेक्स 75,017 अंक पर खुला और दोपहर पौने दो बजे तक 73,467 तक लुढ़क गया तथा इसमें 1550 अंक की गिरावट देखी गई। हालांकि बाद में सैंसेक्स 732 और निफ्टी 172 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। सोशल मीडिया पर मचे बवाल के बाद चैनल ने अपनी रिपोर्ट को वैबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल से हटा लिया।

### कोटक महिंद्रा बैंक की आमदनी 18 प्रतिशत बढ़ी, निवेशकों के लिए हुआ डिविडेंड का ऐलान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी की तरफ से जारी किए रिजल्ट के अनुसार जनवरी से मार्च 2024 के दौरान प्रॉफिट 13,782 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक का प्रॉफिट 10,939 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर अगर देखें तो कोटक महिंद्रा बैंक का प्रॉफिट 4133 करोड़ या 18 प्रतिशत बढ़ा है। बैंक ने बताया कि 31 मार्च 2024 तक के आकड़ों के अनुसार उनके पास कुल 5 करोड़ ग्राहक थे। 31 मार्च 2023 तक बैंक के पास ग्राहकों की संख्या 4.1 करोड़ थी। यानी एक साल में बैंक ने 90 लाख नए ग्राहक जोड़े हैं।

# हर महीने दूध बेचकर लाखों रुपये कमा रही महिला

**▶▶ नवलबेन ने अपने दम पर लाखों का कारोबार खड़ा किया है ▶▶ लॉकडाउन में उन्होंने अपने घर पर ही डेयरी की शुरुआत की थी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेहनत से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने सफलता के बड़े मुकाम हासिल किए हैं। आज हम आपको एक ऐसी की महिला के बारे में बताने जा रहे हैं। कभी स्कूल का मुंह तक नहीं देखने वाली गुजरात के बनासकांठा की एक महिला ने अपने दम पर लाखों का कारोबार खड़ा कर लिया है। इस महिला का नाम नवलबेन दलसंगभाई चौधरी है। नवलबेन ने साल 2020 में दूध बेचकर एक करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। गुजरात के बनासकांठा जिले के नागाना गांव की रहने वाली नवलबेन दलसंगभाई चौधरी हर महीने दूध बेचकर साढ़े तीन से 4 लाख रुपये तक हर महीने





कमा रही हैं। वह कमाई के मामले में बड़े-बड़े दिग्गजों को टक्कर दे रही हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे नवलबेन ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।

### ऐसे हुई शुरुआत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नवलबेन ने कभी भी स्कूल का मुंह नहीं देखा है। उनकी शादी बनासकांठा के नागाना गांव में दलसंगभाई चौधरी से हुई। जब वे अपने ससुराल गयी तो उनके ससुराल में 15 - 20 पशु थे। उन्होंने इन्हीं पशुओं से दूध उत्पादन का काम शुरू किया और अपनी लगातार मेहनत के द्वारा करोड़ों की कमाई की। नवलबेन के 4 बेटे भी हैं, जो शहर में रहकर कमाई कर रहे थे। इन चारों की आमदनी मिलकर भी नवलबेन की कमाई से कम है।

### खूब हो रही कमाई

साल 2019 में जब कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन लगा तो नवलबेन ने अपने घर पर ही डेयरी की शुरुआत की थी। इस दौरान उन्होंने लाखों रुपये का दूध बेचा था। साल 2020 में उनकी कमाई और बढ़ी और यह एक करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नवलबेन रोजाना करीब एक हजार लीटर दूध बेचती है। इससे उन्हें हर महीने साढ़े तीन से 4 लाख रुपये तक की कमाई होती है।

### एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल: आईबीबीआई

**कोलकाता एजेंसी।** कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे। उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपए का समाधान हासिल किया गया।

# अब दूसरे बैंक के एटीएम से कैश निकालना पड़ सकता है महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अकसर दूसरे बैंकों का एटीएम इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। एटीएम पर आने वाले खर्च या लागत पर नए सिरे से विचार किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे बैंकों के एटीएम से रकम निकालने या लेनदेन करने पर शुल्क (इंटरचेंज शुल्क) बढ़कर 20 से 23 रुपये तक किया जा सकता है। इसके अलावा ज्यादा नकद निकालने पर भी अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। वहीं, जिन क्षेत्रों में एटीएम की कमी है, वहां शुल्क कम रखने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लाभार्थी एटीएम से आराम से रुपये निकाल सकें। हाल ही में एटीएम उद्योग परिसंघ और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच एक बैठक हुई। इसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। नई सरकार के गठन के बाद इस शुल्क में बदलाव हो सकते हैं। दरअसल, इंटरचेंज शुल्क तब लगाया



जाता है, जब आप किसी दूसरे बैंक के एटीएम या व्हाइट लेबल एटीएम पर जाकर अपने कार्ड से लेनदेन करते हैं। यह शुल्क आपके बैंक से वसूला जाता है। पहले यह शुल्क 15 रुपये प्रति लेनदेन था, जिसे एक अगस्त 2021 को बढ़ाकर 17 रुपये कर दिया गया। गैर वित्तीय लेनदेन पर शुल्क 5 रुपये से बढ़ाकर 6 रुपये कर दिया गया। मगर 2012 में एटीएम इंटरचेंज शुल्क 18 रुपये था, जिसे घटाकर 15 रुपये किया गया था।

### एटीएम में ज्यादा बार भरने पड़ते हैं नोट

दरअसल, रिजर्व बैंक ने एटीएम इंटरचेंज शुल्क व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की थी। इसका गठन इसलिए किया था कि जहां बैंक कम वहां एटीएम तेजी से लगाए जाए सकें। इस समिति को रिपोर्ट सौंपे काफी समय हो चुका है। रिपोर्ट में समिति ने बताया है कि किराये, ईंधन के खर्च, नकदी भरने के शुल्क और गृह मंत्रालय की सुरक्षा शर्तों का पालन करने के कारण लागत बहुत बढ़ गई है। 2,000 रुपये के नोट बंद होने के बाद अब एटीएम में नोट भी ज्यादा बार भरने पड़ते हैं। समिति ने सिफारिश कि है कि इंटरचेंज शुल्क और एटीएम उपयोग शुल्क पर नियत समय के बाद विचार होना चाहिए,

### हमें इमेज की चिंता है... आरबीआई के एक्शन पर कोटक बैंक के एमडी ने किया रिएक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कार्रवाई के बाद अब कोटक महिंद्रा बैंक को अपनी इमेज की चिंता है। कोटक महिंद्रा बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसका सीमित फाइनेंशियल इंपैक्ट पड़ेगा लेकिन हम प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित हैं। बता दें कि पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी।

कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई का देनदारी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा। वासवानी ने कहा- मैं फाइनेंशियल इम्पैक्ट की तुलना में प्रतिष्ठा पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अधिक चिंतित हूं। बता दें कि वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक का प्रॉफिट 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपये रहा था। मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 15,285 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 12,007 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने बीते वित्त वर्ष के लिए 2 रुपये के डिविडेंड की सिफारिश की है।

# कम होंगी अरहर दाल की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरहर की दाल की बढ़ी कीमतों से लोगों को अब राहत मिलने वाली है। कारोबारियों के मुताबिक, अफ्रीका से अरहर की दाल की सप्लाई शुरू हो गई है। इस वजह से थोक मंडी में इसकी कीमत में 4 से 5 रुपये की गिरावट आई है। साथ ही चना दाल के भी दाम कम होने के आसार हैं। बीते कुछ महीनों से अरहर दाल की कीमत तेजी से बढ़ रही थी। थोक मंडी में इसकी कीमत 170 रुपये किलोग्राम तक पहुंच गई थी। दाल कारोबारी गौरव ने बताया कि अरहर दाल की कीमत में हो रही बढ़ोतरी के पीछे का कारण सप्लाई का कम होना है। अफ्रीका से सप्लाई आ नहीं रही थी, लेकिन अब सप्लाई शुरू हो गई है। जिसके बाद थोक मंडी में अरहर की दाल की कीमतों में प्रतिकिलो 4 से 5 रुपये की गिरावट आई है। इसके अलावा चने की दाल पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को सरकार ने हटाने का फैसला लिया है।



जिससे आने वाले दिनों में चने की दाल की कीमत में भी गिरावट आएगी।

इस बीच केंद्र सरकार भी दालों की महंगाई से राहत दिलाने के लिए सक्रिय हो गई है। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने दालों के स्टॉक पर सख्त निगरानी रखने की कवायद शुरू कर दी है। अधिकारियों को मंडियों में दालों के स्टॉक की जानकारी लेने और जांच करने के लिए भेजा गया है। इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं जमाखोरी के कारण दालों के दाम तो नहीं बढ़ रहे हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने दाल के स्टॉक की स्थिति और भाव का पता लगाने के लिए पिछले हफ्ते अधिकारियों की दो टीमों को महाराष्ट्र भेजने का फैसला किया था।

# बिरला कॉर्प ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

### बिरला कॉर्प ने बंपर बिक्री और लाभप्रदता में वृद्धि के साथ क्षमता का 97 प्रतिशत उपयोग किया

**कोलकाता एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में अपनी मजबूत ग्रोथ को जारी रखा और मार्च तिमाही में बिक्री और शुद्ध लाभ में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। वित्तवर्ष के अंत में कंपनी ने सभी पैमानों पर सफलता हासिल की है। वहीं रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री के साथ ही कंपनी के ओवरऑल प्रदर्शन को भी बेहतर किया है। ये सभी सफलताएं बाजार में असामान्य रूप से कमजोर हालात के बावजूद हासिल की गई हैं। मुकुटबन यूनिट में लगातार वृद्धि के बाद, कंपनी के सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए 97 प्रतिशत की क्षमता उपयोग हासिल किया - जो एक और बड़ी उपलब्धि है।

मार्च तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड (समेकित) शुद्ध लाभ, 193 करोड़ रुपये, साल-दर-साल 127.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, क्योंकि बिजली और ईंधन की लागत मध्यम बनी हुई है। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड आय 2,682 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि से 6.8 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि मार्च तिमाही में सीमेंट से प्राप्त होने वाली आय तीव्र दबाव में आ गई और साल-दर-साल 1.6 प्रतिशत गिरकर 5,178 रुपये प्रति टन रह गई। कंपनी चेयरमैन श्री हर्ष वर्धन लोढ़ा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिरला कॉर्पोरेशन का प्रदर्शन संचालन के सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन में चौतरफा सुधार का परिणाम है। कंपनी द्वारा दी गई गाइडेंस से पहले, कंपनी के फंक्शनल वर्टिकल्स में क्षमता निर्माण में लगातार निवेश किया गया और इससे मुकुटबन यूनिट का काम तेजी से हुआ और वहां पर अच्छे परिणाम मिले। बिरला कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड ने गुरुवार, 2 मई 2024 को दो साल के भीतर अपनी कुंदनगंज यूनिट की क्षमता 1.4 मिलियन टन बढ़ाने के लिए 425 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी।

# पेटीएम की मूल कंपनी के अध्यक्ष भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा, कहा- निजी कारणों से छोड़ा पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और सीओओ भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को जारी किए गए आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी गई है। बता दें कि भावेश गुप्ता कंपनी में ऑनलाइन और ऑफलाइन भुगतान और ऋण व्यवसाय समेत अन्य कार्यों का संचालन कर रहे थे। बयान में कहा गया है कि गुप्ता ने निजी कारणों से पद से इस्तीफा दिया है। वह 31 मई को कंपनी की सेवाओं




से मुक्त हो जाएंगे। हालांकि, वह इस साल के आखिर तक कंपनी के साथ सलाहकार की भूमिका में बने रहेंगे। भावेश गुप्ता पेटीएम के साथ अगस्त 2020 में जुड़े थे।

**वन97 कम्युनिकेशंस का बयान :** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का कहना है कि कंपनी अपनी नेतृत्व टीम का विस्तार कर रही है। कंपनी ने पेटीएम के सीईओ और वरिष्ठ प्रबंधन के साथ सीधे काम करने के लिए अपनी नेतृत्व टीम का विस्तार किया है। कंपनी ने कहा है कि पेटीएम के भुगतान और क्रेडिट व्यवसायों का नेतृत्व जिन अधिकारियों द्वारा किया जाता है, उनमें से हर किसी के पास पेटीएम में पांच साल से अधिक का अनुभव है। यह अनुभवी नेतृत्व टीम अब सीधे पेटीएम के सीईओ के साथ काम करेगी।

### टीम में हुए हैं ये बदलाव

हाल ही में राकेश सिंह को पेटीएम मनी लिमिटेड (पीएमएल) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे पहले राकेश सिंह फिस्डॉम में स्टॉक ब्रोकिंग व्यवसाय के सीईओ थे। वह आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में प्रमुख प्रबंधन पदों पर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर अब पीएसपीएल में सीईओ के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा का कहना है कि भुगतान और उधार पर कंपनी का फोकस पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है।

### आईडीबीआई बैंक का नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपए रहा था।

बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपए थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का शुद्ध लाभ 3,645 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आमदनी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 30,037 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 24,942 करोड़ रुपए थी। आईडीबीआई बैंक की शुद्ध ब्याज आय मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 3,688 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 3,280 करोड़ रुपए थी। शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 मार्च, 2024 को सुधरकर 0.34 प्रतिशत हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को 0.92 प्रतिशत था। आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल ने 15 प्रतिशत लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

# भोपाल में भूटानी इंफ्रा का नया चैप्टर शुरू हुआ

**भोपाल।** रियल्टी सेक्टर के दिग्गज, भूटानी ग्रुप ने भोपाल में अपने नए ऑफिस का अनावरण किया. मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशन के एक्सपैंड करने के उद्देश्य से यह यह निर्णय लिया गया है. इस माइलस्टोन को सेलिब्रेट करने के लिए, भूटानी ग्रुप ने भोपाल के प्रतिष्ठित ताज लेकफ्रंट होटल में इन्वेस्टर्स और पार्टनर्स की एक बैठक आयोजित की. इस कार्यक्रम में इंडस्ट्री पार्टनर, स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 400 सम्मानित लोगों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्मूथ रिलेशनशिप डेवेलोप करना और फ्यूचर प्लान्स डिस्कस करना था. भूटानी ग्रुप के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा, हम पूरे भारत में न्यू रियल एस्टेट सलूशन प्रदान करने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, भोपाल में अपनी उपस्थिति स्थापित करके प्रसन्न हैं। यह आयोजन सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने और इस जीवंत बाजार में नए अवसरों की खोज करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मीट और ग्रीट कार्यक्रम में नेटवर्किंग सेशन और आगामी प्रोजेक्ट्स पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया। भूटानी ग्रुप इस क्षेत्र में स्थायी साझेदारी बनाने और निवेशकों और भागीदारों के योगदान के लिए तत्पर है। भूटानी ग्रुप अपने नए × हाई क्वालिटी कमर्शियल व रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है। शहरी स्थानों को फिर से परिभाषित करने की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित, भूटानी इंफ्रा ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स बनाने में माहिर है जो आधुनिक डिजाइन के साथ कार्यक्षमता को जोड़ती है। उनकी परियोजनाएं विश्व स्तरीय सुविधाओं, टिकाऊ सुविधाओं और रणनीतिक स्थानों का दावा करती हैं, जो व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करती हैं। पोर्टफोलियो में कमर्शियल रियल एस्टेट में मानक स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित विकास और आवासीय परियोजनाओं में विलासिता का प्रतीक शामिल है।

# यश की टॉक्सिक से जुड़ीं नयनतारा !



सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध यश ने दो आगामी फिल्मों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें से एक गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित टॉक्सिक और दूसरी नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण है। टॉक्सिक का फिल्मांकन वर्तमान में प्रगति पर है। यश, नितेश तिवारी की रामायण के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं। इसी बीच खबर आई कि करीना कपूर खान ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। वहीं, अब करीना के किरदार के लिए दमदार साउथ हसीना का नाम सामने आया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। टॉक्सिक के लिए कास्टिंग के संबंध में रोमांचक घटनाक्रम सामने आए हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि गीतू मोहनदास की फिल्म में यश की बहन की भूमिका के लिए प्रसिद्ध साउथ अभिनेत्री नयनतारा से बातचीत चल रही है। जानकारी हो कि नयनतारा को लेडी सुपरस्टार भी कहा जाता है। ऐसे में वो अगर इस फिल्म का हिस्सा बनेंगी तो निश्चित रूप से फैंस और भी ज्यादा उत्साहित होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गीतू मोहनदास और यश ने हाल के हफ्तों में नयनतारा के साथ कई चर्चाएं की हैं और बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। नयनतारा ने इस भूमिका में गहरी रुचि दिखाई है, फिलहाल चर्चा साजो-सामान संबंधी व्यवस्थाओं पर केंद्रित है। एक मजबूत महिला के रूप में वर्णित चरित्र, नयनतारा के ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के साथ अच्छी तरह मेल खाता है और वह कथित तौर पर गीतू मोहनदास के महिला पात्रों के चित्रण से प्रभावित हैं। गीतू मोहनदास और यश दोनों नयनतारा के टॉक्सिक के कलाकारों में शामिल होने की संभावना से उत्साहित हैं।

# मुझे अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं हैं : सायंतनी घोष



एक्ट्रेस सायंतनी घोष, जो वर्तमान में शो दहेज दासी में नजर आ रही हैं, ने बताया है कि उन्हें अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं है, वह स्थिरता पसंद करती हैं। वर्ष 2005 में एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह कमाई का एक नियमित स्रोत भी प्रदान करता है। सायंतनी ने कहा, मुझे अपनी जिंदगी में ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना पसंद नहीं है और मैं कुछ स्थिरता चाहती हूं। बीस साल तक सचमुच कड़ी मेहनत करने के बाद, मैं अपनी जिंदगी के इस पड़ाव पर आराम करना पसंद करती हूं। अगर मैं किसी खास शो और भूमिका से खुश हूं, और वह कई साल तक चलता है, तो मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने आगे कहा, डेली सोप का मतलब निश्चित रूप से लगातार काम करना है, लेकिन जीवन के हर दूसरे पहलू की तरह, हर चीज के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। बहुत से लोग लगातार काम करने या काम के घंटों की संख्या के बारे में शिकायत करते हैं, लेकिन इसके साथ इसके फायदे भी हैं। यह आमदनी का एक नियमित स्रोत है। यह रेगुलर रोजगार की तरह है, और इस तरह वित्तीय सुरक्षा भी मिलती है। उन्होंने कहा, यह टिकाऊ है, क्योंकि जब किसी अन्य फॉर्मेट की बात आती है, तो आप एक प्रोजेक्ट करते हैं और फिर एक डाउनटाइम होता है। लेकिन जब आप डेली सोप से जुड़े होते हैं, तो यह काफी समय तक चलता है। मुझे लगता है कि यह एक फायदा है। सायंतनी का मानना है कि यह सिर्फ एक शो के बारे में नहीं है, यह एक पूरी टीम के बारे में है जिसके साथ एक एक्टर काम करता है, और जो उनकी वर्क फैमिली बन जाती है। सायंतनी ने कहा, यह सिर्फ आपका रोल या आपका शो नहीं है। वह यूनिट भी मायने रखती है जिसके साथ आप काम करते हैं। इसमें हर कोई शामिल है, चाहे वह आपका मेकअप आर्टिस्ट हो, आपकी हेयर टीम हो, स्पॉट दादा हों, निर्देशक हों या को-एक्टर्स हों, वे लोग एक परिवार बन जाते हैं। यह वर्षों तक जारी रहता है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत अच्छी स्थिति है क्योंकि यह मुझे निरंतरता प्रदान करता है।

### जून के अंत तक

## बंद हो जाएगा कपिल शर्मा शो, कीकू शारदा ने दी अपडेट

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' मार्च के अंत में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हुआ था। अब इसके रैपअप की खबरें आ रही हैं। इतनी जल्दी इस शो के बंद होने को लेकर हर कोई हैरान है। कहा जा रहा है कि कम व्यूअरशिप की वजह से दिग्गज कॉमेडियन कपिल शर्मा का ये शो बंद किया जा रहा है। इस बीच, शो के मुख्य कलाकार कीकू शारदा ने रिएक्शन दी है। कीकू ने 'न्यूज 18 शोशा' के साथ कहा कि हम लोग 13 एपिसोड कर चुके हैं और दूसरा सीजन भी जल्द आएगा। हमने पहले सीजन के लिए रैपअप किया है। यह हमेशा से ऐसा ही होने वाला था। हमने अगले सीजन के लिए पहले ही प्लान कर लिया है और वह जल्द ही आएगा। यह ज्यादा बड़ा गैप नहीं होने वाला है। टेलीविजन पर यह ज्यादा लंबा चलता है लेकिन यह दूसरे फॉर्मेट की बात है। यह भी दिलचस्प है। यह अभी एक छोटा गैप है और जल्द ही दूसरा सीजन लेकर आएंगे। यह रैपअप की तरह सुनाई दे रहा है क्योंकि हमने इसे बनाया है लेकिन यह टेंपरेरी है और हम जल्द ही फिर से शुरू करेंगे। बता दें शो की होस्ट एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट से सीजन रैप की तस्वीरें शेयर की थीं। इसके बाद यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई।

शो की बात करें तो यह 30 मार्च से शुरू हुआ था। सबसे पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, उनकी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी आए थे। दूसरे एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने धमाल मचाया था। इसके बाद दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और निर्देशक इम्तियाज अली अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का प्रमोशन करने आए थे। फिर चौथे एपिसोड में कौशल बंधु विक्की और सनी पहुंचे थे। पिछले एपिसोड में सुपरस्टार आमिर खान आए थे। आमिर ने आज तक के इतिहास में पहली दफा कपिल के शो में शिरकत की और कई राज खोले। अब सनी और बॉबी देओल वाला एपिसोड आने वाला है। उल्लेखनीय है कि इस शो के माध्यम से फैंस को 6 साल के बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिल रही है।

# सिनेमा के माध्यम की बजाय भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी




यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है।



# 'बदतमीज गिल' से तूफान मचाने आ रही हैं वाणी

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर अपनी नई फिल्म के साथ दर्शकों के बीच आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री निर्माता नवजोत गुलाटी की आगामी फिल्म 'बदतमीज गिल' में नजर आएंगी। फिल्म को 'आधुनिक युग का नाटक' बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म एक लड़की की कहानी है, जिसका परिवार बरेली और लंदन में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द ही बरेली में शुरू होगी। फिल्म में वाणी कपूर के अलावा अभिनेता अपारशक्ति खुराना और परेश रावल अहम भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि लड़की के भाई के किरदार में अपारशक्ति खुराना नजर आएंगे और पिता की भूमिका परेश रावल निभाएंगे।

फिल्म निर्माता निकी भगनानी और विक्की भगनानी ने एक बयान में कहा कि उन्हें एक खूबसूरत और आत्मविश्वासी लड़की की जरूरत थी। जो फिल्म के किरदार के अनुसार अपने परिवार और दोस्तों के लिए उत्पात मचा सके। उन्होंने कहा कि वाणी वास्तविक जीवन में ऐसी ही है। वो जब उनसे मिले तो उन्हें लगा कि उनको मुख्य किरदार मिल गई है। निर्माताओं को लगता है कि वह अपनी मौजूदगी से स्क्रीन को चमका देंगी। वह आशा करते हैं कि वह दर्शकों का अपनी फिल्म से मनोरंजन कर पाएंगे। 'बदतमीज गिल' का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी करेंगे। फिल्म को नवजोत गुलाटी ने लिखा है। वह इस तरह की फिल्में लिखने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'रनिंग शादी', 'गिन्नी वेड्स सन्नी' लिखी हैं। गुलाटी ने 'जय मम्मी दी' और आगामी फिल्म पूजा मेरी जान का निर्देशन भी किया है। अभिनेत्री के आगामी कार्यों की बात करें तो 'खेल-खेल में' वह अक्षय , तापसी , एमी , आदित्य सील, प्रग्या और फरदीन खान के साथ नजर आएंगी।



## करीबी दोस्त ने लगाई खबर पर मुहर

# आदित्य और अनन्या पांडे का हुआ ब्रेकअप ?

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर को लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब एक महीने पहले दोनों का ब्रेकअप हो गया है। दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने उनके दोस्तों को भी चौंका दिया है। दोनों सितारों के एक करीबी दोस्त ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की है कि एक महीने पहले उनका ब्रेकअप हो गया है। एक बातचीत के दौरान आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के एक दोस्त ने बताया, लगभग एक महीने पहले उनका ब्रेकअप हो गया। वे काफी अच्छे चल रहे थे, और ब्रेकअप हम सभी के लिए एक सदमे के रूप में आया। वे एक-दूसरे के प्रति काफी अच्छे हैं। अनन्या आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है, अब चोट तो लगी ही है। वह अपने नए दोस्त के साथ समय बिता रही हैं। आदित्य भी स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे हैं।

आदित्य और अनन्या करीब दो साल से डेट कर रहे थे। पिछले महीने अभिनेत्री के पोस्ट ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया था। उनके इस पोस्ट के बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों सितारों का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया था। खबर के मुताबिक दोनों दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वहीं, ब्रेकअप के खबरों पर भी दोनों सितारे चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, अगर यह वास्तव में आपके लिए है, तो यह आपके पास वापस आ जाएगा। यह केवल आपको वो सबक सिखाने के लिए ही जाएगा, जो आप केवल अपने दम पर ही सीख सकते हैं। यदि यह वास्तव में आपके लिए है, तो यह वापस आ जाएगा, भले ही आपने इसे दूर धकेल दिया हो, भले ही आप इनकार कर रहे हों, भले ही आप यह मान लें कि इतनी सुंदर चीज कभी भी वास्तव में आपकी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि दोनों के रिश्ते की खबरें आना तब शुरू हुई थीं, जब पिछले साल अनन्या के कॉफी विद करण 7 में पहुंची थीं। करण जौहर ने इस दौरान संकेत दिए थे कि अनन्या और आदित्य एक साथ हो सकते हैं। इसके बाद दोनों को साथ में यूरोप में छुट्टियां मनाते हुए देखा गया था, जिसका तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रही थीं।

- साभार एजेंसी

# क्या कोविड वैक्सीन की वजह से श्रेयस तलपड़े को आया हार्ट अटैक ?

### एक्टर ने किया चौंकाने वाला दावा



बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े को बीते साल 14 दिसंबर को अचानकर बैचेनी महसूस होने के बाद अस्पताल ले जाया गया था। जहां पता चला कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। इसके बाद श्रेयर तलपड़े की एंजियोप्लास्टी की गई थी। अब वह ठीक है और दोबारा काम पर भी लौट चुके हैं।

अब श्रेयस तलपड़े ने हार्ट अटैक के बाद एक चौंकाने वाला दावा किया है। एक्टर का कहना है कि उनके हार्ट अटैक का ताल्लुब कोविड-19 वैक्सीन से है। एक इंटरव्यू के दौरान श्रेया ने कहा कि वह इस सिद्धांत को नकार नहीं सकते . बातचीत में श्रेयस ने कहा, मैं धूम्रपान नहीं करता, महीने में सिर्फ एक बार ही ड्रिंक करना हूं। तंबाकू नहीं लेता। हां, मेरा कोलेस्ट्रॉल का लेवल थोड़ा हाई था। लेकिन मुझे बताया गया था कि आज के टाइम वो नॉर्मल है। मैं उसके लिए दवाइयां ले रहा था और उससे वो कम हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे डायबिटीज नहीं है, ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम नहीं है, तो फिर हार्ट अटैक आने का क्या कारण हो सकता है। मैं इस सिद्धांत को नकारना नहीं चाहूंगा। श्रेयस ने कहा, हो सकता है कि यह कोविड या फिर वैक्सीन की वजह से हो, लेकिन हार्ट अटैक का आना इससे जुड़ा हुआ है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हम वास्तव में नहीं जानते कि हमने अपने शरीर के अंदर क्या ले लिया है।

श्रेयस तलपड़े ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि वैक्सीन ने हम पर क्या प्रभाव डाला है। मुझे यकीन नहीं है इस वैक्सीन पर। जब तक मेरे पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं, तब तक कोई भी बयान देना व्यर्थ है। फिर भी, मैं यह जानना चाहता हूं कि इसने हमारे शरीर पर क्या प्रभाव डाला है। श्रेयस ने बताया कि हार्ट अटैक से पहले वह थकान महसूस कर रहे थे, उन्होंने अपना चेकअप कराया था और रिपोर्ट नॉर्मल आई थी। उसके बात वो लगातार शूटिंग और ट्रैवल कर रहे थे और उन्हें रेस्ट नहीं मिल पा रहा था। मैं वेलकम टू द जंगल की शूटिंग कर रहा था। उस शान का शॉट काफक्ष हैक्टिक था, जो 8 से 10 मिनट तक चला था। शॉट के बाद मुझे डिस्कंफर्ट फील होने लगा था।

एक्टर ने बताया कि इसके बाद वो कार में बैठकर घर चले गए। उन्होंने अपनी पत्नी को सारे प्लान्स कैंसिल करने को कहा। घर पर जब ब्लड प्रेशर चेक किया तो वो काफी हाई थी। उन्होंने कॉल पर अपने डॉक्टर को बताया कि वो ठीक नहीं हैं। इसके बाद वह पत्नी के साथ अस्पताल गए।

# मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं

दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में अपनी पहचान बनाने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म रुसलान में नजर आ रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अपनी ऐक्टिंग प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी पहचान बनाने की बात भी कही।



सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। ऐसा नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

### मेरी कहानी तो अभी शुरू हुई है

मैं हिट और फ्लॉप के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। कोशिश रहती है कि मैं अपना काम पूरी ईमानदारी से करूं। अभी तो मेरी कहानी शुरू हुई है। यह तीसरी फिल्म है और हर फिल्म में मैंने अलग तरह का किरदार निभाया है। अभी मुझे पारिवारिक, कॉमिडी हर तरह के रोल करने है इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता, बस काम करते रहना चाहता हूं। इसके अलावा, मैं तनाव को नेगेटिव नहीं लेता। जब प्रेशर आता है तो मेरे अंदर और अच्छा काम करने की ललक बढ़ जाती है। फिल्म रुसलान में एक सीन है, जिसको मैंने -6 डिग्री में बिना कपड़ों के शूट किया है। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि हीरोगीरी भारी पड़ गई।

# आईपीएल से सीधा पंगा लेगा पीएसएल

## ● खुद दे रहा अपनी बर्बादी को निमंत्रण, क्या है कंगाल पाकिस्तान की नई चाल

**लाहौर, एजेंसी।** आईपीएल की नकल करके पाकिस्तान ने 2016 में पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग की शुरुआत की थी। दुनिया की सबसे महंगी टी-20 लीग आईपीएल के सामने पीएसएल की औकात किसी से छिपी नहीं है। लगभग सभी देशों के विश्व स्तरीय खिलाड़ी पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलना पसंद करते हैं। फाफ डुप्लेसिस, राशिद खान, एडम मार्करम, सरीखे इक्के-दुक्के बड़े नाम ही पीएसएल में नजर आते हैं। मगर अब लगता है कि ये खिलाड़ी भी पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेलेंगे। खुद पीसीबी ने अपनी इस टी-20 लीग की बर्बादी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। खबरों की माने तो अब पीएसएल का आयोजन भी आईपीएल के दौरान ही किया जाएगा, यानी दोनों टूर्नामेंट आपस में टकराएंगे। लीग को अगले सीजन से अप्रैल-मई विंडो में ट्रांसफर करने की बात चल रही है।




### बैठक में क्या फैसला हुआ?

वेतन सीमा के बाहर एक मार्की खिलाड़ी को साइन करने के लिए फ्रैंचाइजी को अतिरिक्त धनराशि यानी तीन लाख यूएस डॉलर से ज्यादा के कॉन्ट्रैक्ट की संभावना भी शामिल है।

प्ले-ऑफ के मुकाबले तटस्थ स्थान पर खेले जाएंगे, जिसमें यूके एक विकल्प होगा। मई के अंत में होने वाली औपचारिक पीएसएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक से पहले एक प्री-बैठक में शनिवार को बोर्ड और छह फ्रैंचाइजी के बीच एक मीटिंग में योजनाएं प्रस्तावित की गईं। कुछ फ्रैंचाइजी शेड्यूल में बदलाव के पक्ष में हैं और बाकी या तो फैसला नहीं कर पा रहे हैं या फिर इस विचार के खिलाफ हैं। दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स को इस बदलाव का विरोध करने वालों में से एक माना जा रहा है।

### 7 अप्रैल से 20 मई की विंडो !

पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी फरवरी में पाकिस्तान करने वाला है, इसका मतलब है कि पीएसएल के 10वें सीजन के लिए प्रस्तावित विंडो 7 अप्रैल से 20 मई की होगी। इसका मतलब है कि यह आईपीएल से टकराएगा।

पीसीबी इसे एक स्थायी स्विच के रूप में देख रहा है, क्योंकि पीएसएल तेजी से बढ़ती दिसंबर-फरवरी विंडो से दूर जाने की कोशिश कर रहा है, इस दौरान न सिर्फ दुनिया भर में चार टी-20 लीग खेली जाती है बल्कि बिजी इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर भी एक्टिव रहता है।

### पैसों का दिया जाएगा लालच

इसके विपरीत, अप्रैल से मई की विंडो में जाने का मतलब है कि पूर्ण सदस्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का न के बराबर होना।

इस दौरान सिर्फ आईपीएल होता है। पीएसएल के अधिकारी भी जानते हैं कि उनके लिए आईपीएल से प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल है, लेकिन इसके साथ सह-अस्तित्व की कोशिश कर सकता है। जिससे एक लंबा सीजन देखने को मिलेगा। पीसीबी अपने स्वयं के मीडिया अधिकार राजस्व का एक हिस्सा फ्रेंचाइजी को आवंटित करके बड़े विदेशी नामों को आकर्षित करने की भी योजना बना रहा है, ताकि उन्हें अपने वर्तमान वेतन कैप से ऊपर जाने की अनुमति मिल सके।

# बजरंग की उम्मीदों को लगा तगड़ा झटका

**पेरिस ओलंपिक**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर बजरंग से समय रहते निलंबन नहीं हटाया गया तो वह अगले महीने होने वाले चयन ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मालूम हो कि बजरंग ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस कारण बजरंग के पेरिस ओलंपिक में शामिल होने को लेकर तगड़ा झटका लगा है। नाडा के अनुसार, बजरंग ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सैंपल देने से मना कर दिया था जिस कारण उन पर यह कार्रवाई की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगर बजरंग पर से समय रहते निलंबन नहीं हटाया गया तो वह अगले महीने होने वाले चयन ट्रायल सहित किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

मालूम हो कि बजरंग ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अब तक किसी भी भारतीय ने 65 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है। सुजीत कलकल नौ मई से इस्तांबुल में होने वाले विश्व क्वालीफायर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### नाडा ने बजरंग से सैंपल देने कहा था

बजरंग ने सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान अपने यूरीन का सैंपल देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद नाडा ने उनसे सैंपल देने के लिए कहा था। नाडा ने इस बारे में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) को सूचित किया जिसके बाद वाडा ने नाडा को सुझाव दिया कि वे बजरंग को नोटिस भेजकर जवाब मांगे कि उन्होंने टेस्ट से इनकार क्यों किया। नाडा ने 23 अप्रैल को बजरंग को नोटिस जारी कर सात मई तक जवाब देने कहा है। बजरंग को पेरिस ओलंपिक क्वालिफायर्स के लिए आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में हार का सामना करना पड़ा था।

### बजरंग ने किट के एक्सपायर होने का आरोप लगाया था

बजरंग ने कुछ महीने पहले एक वीडियो जारी कर डोप कलेक्शन किट के एक्पायर होने का आरोप लगाया था।

नाडा ने बयान में कहा, बजरंग को मामले की सुनवाई के दौरान अंतिम निर्णय लेने से पहले किसी प्रतियोगिता या ट्रायल में भाग लेने से अस्थायी रूप से निलंबित किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि निलंबन पत्र वर्ल्ड यूनाइटेड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की भंग हो चुकी तदर्थ समिति को भेजा गया था।

## आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने का रवैया सिराज की असली ताकत: गावस्कर





**बेंगलुरु, एजेंसी।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की चार विकेट से जीत के बाद कहा कि मोहम्मद सिराज का आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उनकी असली ताकत है। पावरप्ले में सिराज ने दो विकेट चटकाते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा को पवेलियन भेजा जिससे टाइटंस की टीम शनिवार को 19.3 ओवर में सिर्फ 147 रन ढेर हो गई। गावस्कर ने कहा, 'हर बार जब आप मोहम्मद सिराज को देखते हैं, तो आप जानते हैं कि वह अपनी जान लगा देगा। उस समय को याद करें जब उसके पिता का निधन हो गया था, जब वह ऑस्ट्रेलिया में था।

वह खेलता रहा। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग वापस जाना चाहेंगे क्योंकि आपके माता-पिता आपको बहुत प्यारे होते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उसे अहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण था। इसके अलावा, उस स्तर पर उसकी जगह पक्की नहीं थी। एक स्थापित खिलाड़ी शत प्रतिशत चला गया होता। गावस्कर ने कहा, 'और याद रखें कि उन्होंने उस गाबा टेस्ट मैच में कितनी शानदार गेंदबाजी की थी। स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ी को आउट करना, जब वह 55 रन पर था... तो यह मोहम्मद सिराज की असली ताकत है, आत्मविश्वास और मैदान पर कभी हार नहीं मानने वाला रवैया।



**रोहित करेंगे टीम की अगुआई**

## हॉकी इंडिया ने घोषित की भारतीय जूनियर पुरुष टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम घोषित कर दी है। टीम रक्षापंक्ति के खिलाड़ी रोहित की अगुआई में 20 से 29 मई तक यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी।

इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी।

### एक दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे हैं

हॉकी इंडिया के हवाले से कप्तान रोहित ने कहा, हम अपने शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे है। अन्य देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बेल्जियम के खिलाफ होगी दौरे की शुरुआत

भारत इस दौरे का आगाज 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में फिर से बेल्जियम से भिड़ेगी। इसी स्थल पर टीम 23 मई को नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी। इसके बाद 28 और 29 मई को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी। इसमें से पहला मैच जर्मनी, जबकि दूसरा मैच ब्रेडा में होगा।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम इस प्रकार है...

**गोलकीपर:** प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह

**डिफेंडर:** शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा

**मिडफील्डर:** अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए

**फॉरवर्ड:** सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह

# टी-20क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा : गांगुली



**कोलकाता, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना ??है कि टी-20 क्रिकेट खेल का एक अभिन्न अंग है, जो इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। गांगुली को लगता है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप कहीं नहीं जा रहा है और यह खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा। उन्होंने अ प्रारूप की भी प्रशंसा की और बताया कि यह क्रिकेट में इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है। गांगुली ने शुक्रवार को यहां कोलकाता में बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी के अनावरण के दौरान ये टिप्पणी की। बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी का अनावरण बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। गांगुली ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह खेल के लिए एक शानदार परिचय है। हर चीज में बदलाव अपरिहार्य है। हम में से कई लोग जिन्होंने 2-दिवसीय क्रिकेट और 4-दिवसीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि टी20 क्रिकेट यहीं रहेगा और यह कुछ ऐसा है जो इसे आगे ले जाएगा। बंगाल प्रो टी20 लीग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) की आधिकारिक फ्रेंचाइजी-आधारित प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग है। इस बारे में मीडिया से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि यह (टी20 लीग) हर राज्य में हो रहा है। हम शायद इसमें 5-6 साल पीछे हैं। खेल खेलने का कोई भी तरीका हमेशा बहुत मददगार होगा। टी20 एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन दिनों क्रिकेट का चलन है और यह सभी के लिए प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा। बंगाल प्रो टी-20 लीग का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण 11 जून, 2024 से कोलकाता में शुरू होने वाला है, क्योंकि 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं।

**नेशनल विमेंस हॉकी लीग**

## महिला हॉकी लीग में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने शनिवार को महाराष्ट्र को हराया। हरियाणा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बंगाल को 4-3 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वहीं मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हरा दिया। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) में हरियाणा ने बंगाल और मध्य प्रदेश ने शनिवार को महाराष्ट्र को हराया। हरियाणा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बंगाल को 4-3 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वहीं मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हरा दिया।

दिन के शुरुआती मैच में, बंगाल की टीम कुछ ही समय में बढ़त हासिल करने में सफल रही और सिलबिया नाग (दूसरे मिनट) ने खेल की शुरुआत में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (19वें) ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

हरियाणा की कप्तान नीलम (20वें) ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे घाटा कम हुआ क्योंकि मध्यांतर तक बंगाल 2-1 से आगे था। नंदनी (41वें) ने हरियाणा के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया, इससे पहले शशि खासा (43वें) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर हरियाणा को बढ़त दिलाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में पिंकी (46वें मिनट) ने फील्ड गोल करके हरियाणा को 4-2 की बढ़त दिला दी। शांति होरो (51वें मिनट) ने बंगाल के लिए फील्ड गोल करके वापसी की संभावना पैदा की, लेकिन हरियाणा ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए विजेता बना। दिन के दूसरे मुकाबले में मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। पहला हाफ बिना किसी गोल के शांत रहने के बाद, मध्य प्रदेश ने तीसरे क्वार्टर में आंचल साहू (45वें) के फील्ड गोल से गतिरोध को तोड़ते हुए बढ़त बना ली।

महाराष्ट्र की कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने अंतिम क्वार्टर में सिर्फ पांच मिनट से कम समय में फील्ड गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, स्वाति (54वें मिनट) ने मैदानी गोल करके मध्य प्रदेश को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद, मध्य प्रदेश ने अपनी एक गोल की बढ़त बरकरार रखने के लिए कड़ा बचाव खेल खेला।

## भारतीय बॉक्सिंग के लिए ऐतिहासिक दिन, -22 एशियाई यूथ बॉक्सिंग में 43 मेडल पक्के हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक शनिवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-22 पुरुषों के फाइनल में पहुंच गए। इसी के साथ भारतीय मुक्केबाजों ने सभी श्रेणियों में 43 पदक पक्के कर लिए हैं। आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक शनिवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-22 पुरुषों के फाइनल में पहुंच गए। इसी के साथ भारतीय मुक्केबाजों ने सभी



श्रेणियों में 43 पदक पक्के कर लिए हैं। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलियासोव सयात को 5-0 से हराया। मुकाबले की समीक्षा के बाद मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन के खिलाफ 5-2 से जीत दर्ज की। अन्य दो सेमीफाइनलिस्ट, निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जन्याम्बु गनबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज़ ओरोजबेकोव के खिलाफ समीक्षा के बाद समान 5-2 स्कोर के साथ अपने मुकाबले जीते। इस बीच, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव सिंह (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) के लिए यह निराशाजनक था क्योंकि उन्होंने कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

## बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब



**ओलबिया, इटली, एजेंसी।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए. पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे । अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा । भारतीय खियालड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही ।

## संक्षिप्त समाचार

### मेघालय में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, दो आरोपितों की पीट-पीट कर हत्या

**शिलांग , एजेंसी।** मेघालय के पूर्वी वेस्ट खासी हिल्स जिले में 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के लिए दो लोगों की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय मैरांग के समीप नोनगथलिएव गांव में शुक्रवार दोपहर यह घटना हुई। युवती ने आरोप लगाया कि जब वह अपने घर में अकेली थी तब दोनों ने एक चाकू से उसपर हमला किया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी वहां आ जुटे और दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ उन्हें समीप स्थित कम्युनिटी हाल ले गई और पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भीड़ की पिटाई से बुरी तरह से घायल होने के बाद ही दोनों को हाल से बाहर लाया जा सका। एक की मौत तिरोत सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल में हो गई, जबकि दूसरे की मौत शिलांग सिविल अस्पताल में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। राज्य के दूसरे भाग के निवासी दोनों व्यक्ति नोनगथलिएव में मजदूरी करते थे।

### तमिलनाडु में कांग्रेस नेता का आधा जला हुआ शव खेत में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**तिरुनेलवेली, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में शनिवार को एक जिला कांग्रेस नेता मृत पाया गया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृत पाए गए जिला कांग्रेस नेता की पहचान केपीके जयकुमार धनसिंह के रूप में हुई है। जिनका आधा जला हुआ शव खेल में मिला। पुलिस ने बताया कि केपीके जयकुमार धनसिंह का आधा जला हुआ शव उनके खेत में मिला। यह वारदात तब हुई जब हाल ही में पीड़ित ने अपनी जान को खतरा होने का दावा किया था। धनसिंह कांग्रेस की तिरुनेलवेली (पूर्व) इकाई के प्रमुख थे। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तीन विशेष टीमों का गठन किया है। इस बीच, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के सेल्वापेरुन्थागई ने अपने पार्टी सहयोगी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पार्टी में उनके योगदान को याद किया।

### कसाब नहीं, पुलिसवाले की गोली से हुई थी हेमंत करकरे की मौत: विजय वडेट्टिवार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टिवार ने बड़ा दावा किया है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टिवार ने शनिवार को कहा कि आईपीएस अधिकारी हेमंत करकरे की मौत अजमल कसाब या किसी आतंकी की गोली से नहीं बल्कि एक पुलिस अधिकारी की ही गोली से हुई थी जो कि आरएसएस से जुड़ा था। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और वकील उज्ज्वल निकम पर आरोप लगाया कि उन्होंने गद्दारी की और इस तथ्य को छिपा लिया। बता दें कि उज्ज्वल इस मामले में सरकारी वकील थे। वडेट्टिवार ने कहा, जांच के दौरान कुछ बड़ी जानकारियों सामने आई थीं। इसके बावजू उज्ज्वल निकम ने इन्हें छिपा लिया। मेरा सवाल है कि अब भाजपा आखिर ऐसेगद्दार को लोकसभा चुनाव में क्यों उतार रही है? ऐसा करके भाजपा एक गद्दार को बचा रही है। वडेट्टिवार के इस बयान का निकम और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जवाब दिया। फडणवीस ने कहा कि वडेट्टिवार का बयान निराधार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कसाब की समर्थक रही है। वहीं निकम ने कहा कि इस तरह के निराधार आरोपों से हमें बेहद दुख होता है। यह ओछी राजनीति का उदाहरण है। मुझे नहीं पता था कि वोट के फायदे के लिए लोग इतना गिर जाएंगे। वडेट्टिवार केवल मेरा अपमान नहीं कर रहे हैं बल्कि 26/11 के हमले में जिन 166 लोगों की जान गई थी उन सब का अपमान है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस का कहना था कि कसाब निर्दोष है। यहां तक कि पाकिस्तान ने मान लिया था कि वह इस साजिश में शामिल था। सभी को पता है कि कसाब को सजा दिलाने के लिए कानूनी कार्रवाई की गई थी। निकम ने कहा कि 4 जून को इन लोगों को जनता जवाब दे देगी। वहीं फडणवीस ने कहा कि हमारा और निकम का साथ है वहीं कांग्रेस ने कसाब के साथ हाथ मिलाया।

# बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने

## शिवलिंग की ऊंचाई 8 फीट, 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा

**अनंतनाग (एजेंसी)।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है।



इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी।

यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

**यात्रा के लिए ऑन लाइन और ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन:** यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, यस बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक से ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### कैसे पहुंचें यात्रा के लिए दो रूट

1. पहलगाम रूट- इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है।

तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।

2. बालटाल रूट- वक्त कम हो, तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है, इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

6 लाख यात्रियों के आने की संभावना, इस बार सड़कें चौड़ी

पिछली बार करीब 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं।

पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था होगी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल की तैयारियां चल रही हैं।

पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा रास्ता 3 से 4 फीट और बालटाल वाला रूट 2 फीट चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया है। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी रूट 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। यह मोटरेबल रोड है। साथ ही हेलिकॉप्टर की सर्विस भी उपलब्ध है।

### शराब घोटाला मामले में कांग्रेस महापौर के भाई अनवर को नहीं मिली जमानत, पूर्व आइएएस टुटेजा से जारी रहेगी पूछताछ

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाले मामले को लेकर आज आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई है। मामले में सुनवाई करते हुए ढेबर की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ शराब घोटाले मामले में आरोपी इडी की गिरफ्त में चल रहे पूर्व ब्यूरोक्रेट अनिल टुटेजा की रिमांड बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने टुटेजा को 6 मई तक इडी की रिमांड में भेज दिया है। छत्तीसगढ़ में आज शराब घोटाले मामले को लेकर दो अलग-अलग सुनवाई हुई है। जिसमें जमानत के लिए अनवर ढेबर ने याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई के लिए 4 मई यानी आज का समय तय किया गया था। इस सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील की दलील को अभियोजन पक्ष के द्वारा जमकर विरोध किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियोजन पक्ष की दलील को स्वीकार करने के बाद अनवर ढेबर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। छत्तीसगढ़ में शराब मामले को लेकर इडी ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए मामले में आरोपी अनवर ढेबर की संपत्ति को अटैच किया था। इडी ने अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियो को अटैक किया गया था।

### दिल्ली में गुंडागर्दी, बाइक सवार 3 बदमाशों ने युवक को चाकू से छलनी कर घर के पास फेंकी लाश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के करावल नगर इलाके में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। यही नहीं बदमाश युवक की लाश को उसके घर के पास फेंककर फरार हो गए। मृतक की पहचान प्रेम विहार गली संख्या आठ निवासी 38 वर्षीय राजकुमार उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश करते हुए मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, राजकुमार, मकान नंबर- 118 सी, गली नंबर- आठ में परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने बीएएमएस की पढ़ाई की थी और पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। परिवार में मां लक्ष्मी और दो छोटे भाई हैं। उसके घर में भूतल पर उसकी क्लीनिक है। साथ ही किराने की दुकान भी है। किराने की दुकान उसकी मां देखती थी।

राजकुमार के परिजन ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गली में रहने वाला एक युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर राजकुमार को घर से बुलाकर लेकर गया था। घर से जाते वक्त राजकुमार ने कुछ देर में आने की बात कही थी। देर शाम तक वह नहीं लौटा तो परिजन उसका इंतजार करने लगे।

रात करीब 9.30 बजे के आसपास बाइक सवार तीन युवक आए और बंटी को गली में घर से थोड़ी दूरी पर अचेत हालत में फेंककर फरार हो गए। उसके सीने पर चाकू से कई वार किए गए थे। इस दौरान आरोपी बाइकसवार बंटी को गालियां भी दे रहे थे। यह देख परिजन तत्काल उसे लेकर अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### आईएस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट, एसओजी ने 12 आरोपियों पर रखा इनाम

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में उप निरीक्षक (एसआई) पेपर लीक मामले में 33 थानेदारों सहित 45 के खिलाफ चालान पेश करने के बाद एसओजी अब सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। एसओजी ने वांटेड 12 आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। इसमें सबसे अधिक पेपर लीक के सरगना यूनिक भाम्भू पर 1 लाख रुपए तथा ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए का इनमा रखा है। इनके अलावा छह आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए तथा चार पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा है। यह इनाम आरोपियों की सूचना देने वालों को दिया जाएगा। यह आदेश एसओजी डीआईजी परिस देशमुख ने जारी किए। एसओजी ने इस मामले में 33 थानेदारों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 3 ने चयन होने के बाद भी जॉइन नहीं किया था। गिरफ्तार अन्य 12 आरोपी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले में और नाम सामने आ सकते हैं। एक लाख रुपए का इनामी यूनिक उर्फ पंकज भांभू पुत्र जगदीश जाट (36) निवासी पूनिया कॉलोनी चूरूदस लाख रुपए देकर पेपर चुराया - हसनपुरा की रवीन्द्र बाल भारती स्कूल से एसआई भर्ती का पेपर चुराया। इसके लिए स्कूल के कर्मचारी राजेश को दस लाख रुपए दिए। पेपर चुराने के बाद गिरोह के साथी जगदीश विश्नोई को वाट्सऐप के माध्यम से पेपर भेजा। वहां से पेपर सॉल्व करने वाले हैंडर्स के पास पेपर पहुंचा। ओमप्रकाश ढाका पुत्र किशनाराम विश्नोई (37) करड़ा सांचोर पर 75 हजार रुपए का इनामी रखा है। एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख ने आदेश जारी कर आरोपियों पर 25 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का इनाम घोषित किया है. आदेश में बताया गया है कि एसआई भर्ती परीक्षा मामले में इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है।

# चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

#### प्रशासन से जवाब मांगा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे चंडीगढ़-मोहाली मार्ग से प्रदर्शनकारियों को हटाएं। जस्टिस बीआर गवई, सतीश चंद्र शर्मा और संदीप मेहता की पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस जारी कर एक गैर सरकारी संगठन, केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन सहित अन्य से जवाब मांगा।



केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह पंजाब सरकार के रुख का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार की बात को छोड़कर संघवाद की हमेशा रक्षा की जाती है। कोरोना के समय में सभी राज्यों और केंद्र ने मिलकर काम किया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। कई जनहित याचिकाओं पर नौ अप्रैल को पारित अपने आदेश में हाई कोर्ट ने कहा था कि बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद, न तो पंजाब सरकार और न ही चंडीगढ़ प्रशासन, मोहाली और चंडीगढ़ के यात्रियों को कोई समाधान देने में सक्षम हुआ। मुट्ठी भर लोगों द्वारा सड़क अवरुद्ध करने से यात्रियों और ट्राइ-सिटी के निवासियों को असुविधा हो रही है और परेशानी जारी है।

हाई कोर्ट ने इस बात का संज्ञान लिया था कि इस मामले में पिछले साल नौ अक्टूबर को केंद्र को भी पक्षकार बनाया गया था। गौर करने वाली बात यह भी है कि करीब एक साल पहले इस मामले में पंजाब के पुलिस महानिदेशक को भी तलब किया गया था।हाई कोर्ट ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन अपनी नींद से जागेंगे और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन से संबंधित विभिन्न फैसलों में दी गई शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को ध्यान में रखेंगे।

हाई कोर्ट ने एनजीओ अराइव सेफ सोसायटी की याचिका पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें दलील दी गई थी कि जनवरी 2023 से चंडीगढ़-मोहाली रोड पर चल रहे प्रदर्शन के कारण स्थानीय निवासियों और यात्रियों को अनावश्यक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिनमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना और 1993 के दिल्ली बम विस्फोट के दोषी देविंदरपाल सिंह भुल्लर शामिल हैं।

### राजस्थान के 9 जिलों में जारी किया हीटवेव का अलर्ट



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में मौसम ने पलटी मारी है। प्रदेश में अब गर्मी सताएगी। राज्य के कई जिलों में दिन का पारा 45 डिग्री तक पहुंचेगा। मौसम विभाग ने इसका अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। 7 मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 44- 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होगा और जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं हीटवेव की संभावना है।इसी प्रकार 8 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, कोटा, बारां जिलों में कहीं-कहीं हीटवेव की संभावना है। इधर, शनिवार को प्रदेश में दिन का पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। नौ शहरों में दिन का तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान गंगानगर में 42.4 डिग्री दर्ज किया गया।दिन के साथ ही रात के पारे में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य में रात के पारे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम केन्द्र के अनुसार सबसे अधिक रात का पारा जालौर में 29 डिग्री तक पहुंच गया। यहां बीते 24 घंटे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरा अलर्ट जारी किया है। दरअसल मौसम विभाग के अनुसार 5 मई को जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 9 मई को जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में बारिश हो सकती है। वहीं राजस्थान के कुछ पश्चिमी हिस्सों में शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 7-8 मई को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

### दिल्ली में बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की चैकिंग कर रही दिल्ली पुलिस ने शनिवार को एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ रुपए से ज्यादा का कैश बरामद किया। ये बरामदगी दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के ओखला इंडस्ट्रियल क्षेत्र में हुई। पुलिस ने कैश को ले जा रहे दो लोगों को भी हिरासत में लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया, चुनाव आयोग द्वारा गठित तुगलकाबाद की फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ स्थानीय पुलिस ओखला औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थीं, इसी दौरान एक कार से इतनी नगदी बरामद हुई।




अधिकारी ने आगे कहा, टीम ने जांच के लिए जब नीले रंग की एक बीएमडब्ल्यू कार को रोका, तो उसमें रखे दो कार्डबोर्ड के बक्से दिखाई दिए। उनकी तलाशी लेने पर उनमें रखा इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ।

उन्होंने बताया, कार में यात्रा कर रहे दो लोग पैसे का सटीक स्रोत बताने में विफल रहे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया है। साथ ही आयकर विभाग और स्थ्रुरू को बरामदगी के बारे में सूचित कर दिया गया है।

# चुनाव में उतरे एक ही क्लास के 4 स्टूडेंट, अलग-अलग पार्टी के दिग्गज नेता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से विरोधी एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं, ऐसा लगता ही नहीं कि कभी वे आपस में ठीक से बात भी करते होंगे। हालांकि ऐसा नहीं है। बहुत सारे ऐसे नेता हैं जो कि भले ही विरोधी दल से हों लेकिन उनके बीच दोस्ती का भी रिश्ता है। इस बार दून स्कूल के एक ही क्लास के चार स्टूडेंट भी चुनावी मैदान में हैं। ये स्टूडेंट को मामूली लोग नहीं बल्कि अपनी-अपनी पार्टियों के दिग्गज नेता हैं।



दून स्कूल के 1992 बैच के भाजपा नेता जितिन प्रसाद और राघव लखनपाल उत्तर प्रदेश से चुनावी मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस के नकुलनाथ छिंदवाड़ा और कालिकेश सिंह देव ओडिशा विधानसभा चुनाव में दम भर रहे हैं। सिंह देव बीजेडी के टिकट से चुनाव में उतरे हैं। सिंह देव 2019 तक लोकसभा सांसद थे। हालांकि राजनीतिक हालातों ने दोनों को ही राज्य की राजनीति में ला दिया। जितिन प्रसाद को भाजपा ने इस बार पीलीभीत से उतारा है जो कि वरुण गांधी की सीट हुआ करती थी। वहीं सिह देव बोलानगिर से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। हम लोग कभी-कभी वॉट्सऐप ग्रुप पर बात कर लेते हैं। हालांकि वहां राजनीति के बारे में बात करने की इजाजत नहीं है। बस कोई इतना ही कह देता है कि चुनाव लड़ने के लिए बधाई। इसके बाद बात खत्म। बता दें कि एक ही क्लास में पढ़ने वाले इन नेताओं के बीच अकसर मुलाकात भी नहीं हो पाती है। साल 2017 में 25वीं बरसी के मौके पर ये लोग स्कूल में ही मिले थे। सिंह देव ने कहा, राजनीति अलग चीज है लेकिन हम लोग आज भी अच्छे दोस्त हैं। बता दें कि इस बार ओडिशा में भाजपा और बीजेडी की टक्कर हो रही है। वहीं चुनाव से पहले चर्चा थी कि नकुलनाथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और वह छिंदवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। लखनपाल ने कहा कि जब वह रीयूनियन में स्कूल गए थे तो एक डिबेट में भी हिस्सा लिया था। उस डिबेट की जज प्रियंका गांधी वाड्रा थीं। उन्होंने कहा, जब मैं बोलूं तो आप जज नहीं रहेंगी क्योंकि आप कांग्रेसी हैं। तब उन्होंने कहा, भाजपा वाले अच्छी तरह जानते हैं कि बोलना कैसे है। और इस डिबेट में मुझे बेस्ट स्पीकर का अवॉर्ड मिला था। उन्होंने कहा, दून स्कूल से कम से कम दो सासंद रहते ही हैं। पिछले चुनाव में कालिकेश बोलनगिर से हार गए थे। वहीं छिंदवाड़ा से नकुलनाथ की जीत हुई थी। जितिन प्रसाद ने कहा था कि दून स्कूल के छात्रों के लिए यह आम बात है क्योंकि यहां से पूर्व पीएम राजीव गांधी शशि थरूर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कमलनाथ, आरपीएन सिंह, अमरिंदर सिंह, नवीन पटनायक और करन सिंह जैसे लोग निकल चुके हैं।

### राजस्थान के सवाई माधोपुर में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में सीकर से त्रिनेत्र गणेश मंदिर जा रहा था परिवार राजस्थान के सवाई माधोपुर के बौंली थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस वे पर बनास पुलिया के समीप आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है।अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं दो मासूम बच्चे दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के थे और सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन हेतु जा रहे थे। सूचना के बाद बौली थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची।मृतकों में तीन महिलाएं व तीन पुरुष शामिल है। सभी कार सवार लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे है। परिवार सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन के लिए जा रहा था।

पुलिस के अनुसार हादसा रविवार को सुबह करीब सात बजे हुआ।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)